संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर www.santalexpress.com पर पढ़ें

17 मार्च 2026, मंगलवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 166

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

### कटक के सरकारी हॉस्पिटल में लगी आग, 10 मरीजों की मौत

**कटक** । ओडिशा में कटक के श्रीराम चंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रविवार रात करीब 3 बजे आग लग गई। हादसे में 10 मरीजों की मौत हो गई है। इनमें से 7 ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, 3 की मौत इलाज के दौरान हुई। आग पहली मंजिल पर ट्रॉमा केयर के आईसीयू में लगी थी। यहां करीब 23 मरीज भर्ती थे। उन्हें बचाने में अस्पताल के कम से कम 11 कर्मचारी झुलस गए।

## संक्षिप्त खबरें

### केवी और जेएनवी में 13 हजार से अधिक शिक्षकों के पद खाली

**नई दिल्ली** । देशभर के केंद्रीय विद्यालयों (केवी) और जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) में 13,701 शिक्षकों के पद खाली हैं। शिक्षा मंत्रालय ने सोमवार को लोकसभा में यह जानकारी दी। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने एक लिखित प्रश्न के उत्तर में बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) और नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, केवीएस में 8,618 और एनवीएस में 5,083 शिक्षकों के पद रिक्त हैं।

### शराब घोटाला : नवीन केडिया जाएंगे जेल

**रांची** । झारखंड शराब घोटाला मामले के आरोपित और छत्तीसगढ़ के शराब कारोबारी नवीन केडिया को रिमांड अवधि पूरी होने के बाद सोमवार को एसीबी की विशेष अदालत में पेश किया गया। एसीबी की टीम ने केडिया की रिमांड बढ़ाने की मांग नहीं की, जिसके बाद अदालत ने उसे जेल भेजने का आदेश दिया। दरअसल, झारखंड एसीबी की टीम ने बीते मंगलवार को नवीन केडिया को रांची से गिरफ्तार किया था।

### आठ सांसदों के निलंबन को वापस लेने पर सहमति

**नई दिल्ली** । लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में सोमवार को हुई सर्वदलीय बैठक में आठ निलंबित सांसदों का निलंबन वापस लेने पर सहमति बन गई है। सूत्रों के अनुसार इन सांसदों का निलंबन मंगलवार को प्रश्नकाल के बाद औपचारिक रूप से वापस लिया जाएगा। इन सांसदों को संसदीय कार्य मंत्री द्वारा लाए गए प्रस्ताव के आधार पर तीन फरवरी से शुरू हुए सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किया गया था। सूत्रों के अनुसार बैठक में नेताओं ने संसद की गरिमा और स्थापित परंपराओं को बनाए रखने पर भी सहमति जताई।

# राज्यसभा चुनाव : बिहार की सभी 05 सीट पर एनडीए का कब्जा

## ओडिशा में चार सीटों में से तीन पर भाजपा की जीत, बीजद को एक सीट



एजेंसी

**पटना/भुवनेश्वर।** बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए हुए चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने सभी सीटों पर कब्जा कर लिया है। इस जीत के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, शिवेश राम , रामनाथ ठाकुर और उपेंद्र कुशवाहा विजयी रहे। बिहार में पांच सीटों के लिए संपन्न हुए राज्यसभा चुनावों में राजग ने सभी पांचों सीटों पर जीत हासिल की। दूसरी ओर असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम और बसपा के समर्थन के बावजूद महागठबंधन ज़रूरी 41 का आंकड़ा नहीं जुटा पाया। इस जीत पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने ऐलान किया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन राज्यसभा पहुंच गए हैं। जानकारी के अनुसार, चुनाव में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन को 44-44 मत मिले। वहीं रामनाथ ठाकुर और उपेंद्र कुशवाहा को 42-42 वोट मिले हैं। पांटवीं सीट के लिए पहली वरीयता में भाजपा उम्मीदवार शिवेश राम को 30 वोट मिले थे। हालांकि दूसरी वरीयता में शिवेश राम ने राजद के एडी सिंह को हरा दिया । एडी सिंह को 37 वोट मिले हैं। हालांकि राजद विधायक सर्वजीत ने दावा किया है कि उन्हें 38 वोट मिले हैं।

राज्यसभा चुनाव में ओडिशा की चार सीटों में से तीन पर भाजपा और उसके समर्थित उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की, जबकि बीजू जनता दल (बीजद) को एक सीट पर सफलता मिली। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल और मौजूदा सांसद सुजीत कुमार भाजपा की ओर से विजयी घोषित किए गए। वहीं बीजद के संतृप्त मिश्र ने भी एक सीट जीती। इसके अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप राय जिन्होंने भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था, उन्होंने भी जीत हासिल की।

## बंगाल चुनवा : भाजपा ने जारी की 144 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

# सीएम ममता के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे सुवेंदु अधिकारी



एजेंसी

**कोलकाता** । भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए 144 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी ने नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी को नंदीग्राम के अलावा भवानीपुर से भी चुनाव लड़ने का फैसला किया है, जहां से ममता बनर्जी चुनाव लड़ती हैं और वर्तमान में यहां से विधायक भी हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी ने नंदीग्राम सीट पर सुवेंदु अधिकारी के खिलाफ चुनाव लडऩे का फैसला किया था। लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। उसके बाद भवानीपुर से टीएमसी विधायक सोवनदेब चट्टोपाध्याय ने ममता के लिए अपनी सीट छोडऩे का फैसला किया था और यहां से वह उपचुनाव में जीतकर बंगाल विधानसभा में पहुंची थीं।

### वाम मोर्चा ने 192 सीटों पर घोषित किए उम्मीदवार

**कोलकाता** । पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर वाम मोर्चा ने 192 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की पहली सूची सोमवार को जारी कर दी है। वाम मोर्चा के अध्यक्ष विमान बोस ने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। सूची में माकपा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, फारवर्ड ब्लॉक, आरएसपी सहित सहयोगी दलों के बीच सीटों का बंटवारा दिखाई देता है।

# केंद्र सरकार ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति में की 80 प्रतिशत की कटौती : राधाकृष्ण किशोर



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची।** पश्चिम एशिया में चल रहे भीषण संघर्ष का असर अब झारखंड में एलपीजी आपूर्ति पर भी दिखाई देने लगा है। सोमवार को विधानसभा में संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने इस मुद्दे पर राज्य सरकार का पक्ष रखा। मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति में 80 प्रतिशत की कटौती कर दी है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि घरेलू एलपीजी की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। पहले जहां गैस सिलेंडर की डिलीवरी में अधिकतम 48 घंटे लगते थे, वहीं अब इसमें तीन से चार दिन का समय लग रहा है। उन्होंने बताया कि इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियरम के कुल 3,27,630 रिफिल आपूर्ति के लिए पेंडिंग हैं। मंत्री के अनुसार, 13 मार्च को केंद्र सरकार के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जानकारी दी गई कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति को 80 प्रतिशत से घटाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया है।

### सरकार 1932 आधारित स्थानीय नीति लागू करने के लिए प्रतिबद्ध : दीपक बिरूआ

**रांची** । विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मंत्री दीपक बिरुआ ने भू-राजस्व निबंधन और भूमि सुधार विभाग, कार्मिक प्रशासनिक सहित अन्य विभागों के अनुदान मांगों की कटौती प्रस्ताव पर चर्चा के बाद सरकार की ओर से सदन में जवाब दिया। मंत्री ने कहा कि सरकार, 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए विधानसभा से पारित झारखंड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा विधेयक-2022 को नौवीं अनुसूची में शामिल करने का आग्रह केंद्र सरकार से किया गया है।

### सदन में गूंजा सड़क जाम और मतदाता सूची का मुद्दा

**रांची** । झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 15वें दिन सोमवार को सदन में सड़क जाम, प्रदर्शन और मतदाता सूची से नाम हटाए जाने सहित कई मुद्दे जोर-शोर से उठे। हटिया विधायक नवीन जायसवाल और पौड़ैयाहाट से विधायक प्रदीप यादव ने इन मुद्दों को लेकर सरकार से जवाब मांगा। हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने विधानसभा आने-जाने के दौरान हो रही परेशानी और सड़क जाम का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति के कारण उन्हें और अन्य लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### अब खेती योग्य भूमि पर दलाल हो रहे हावी : जयराम

**रांची** । विधानसभा बजट सत्र के दौरान में अनुदान मांगों की कटौती प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए दूसरी पाली में विधायक जयराम महतो ने झारखंड में जमीन की लूट, सीएनटी-एसपीटी एक्ट का उल्लंघन कर जमीन हड़पने, स्थानीय नियोजन नीति सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया। उन्होंने सरकार का ध्यान आकर्षित कराते हुए जल, जंगल और जमीन, स्थानीय नीति और विभिन्न समुदायों के अधिकारों से जुड़े सवाल उठाया।

## एजी रिपोर्ट में खुलासा : 14,020 करोड़ की 1,328 परियोजनाओं में सिर्फ 55 प्रतिशत पूरी

संवाददाता

**रांची।** विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के 15वें दिन वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कैग (एजी) की रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट में झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड की परियोजनाओं के क्रियान्वयन में कई गंभीर खामियां सामने आई हैं। रिपोर्ट के अनुसार निगम ने कुल 14,020.46 करोड़ की लागत से 1,328 परियोजनाएं शुरू की थीं, लेकिन इनमें से केवल 55 प्रतिशत कार्य ही पूरे हो सके हैं। वर्तमान में 218 परियोजनाएं प्रगति पर हैं, जबकि 272 परियोजनाएं अभी प्रारंभिक चरण में हैं। इसके अलावा 112 परियोजनाएं भूमि की अनुपलब्धता, सार्वजनिक बाधाओं और संवेदकों की देरी के कारण या तो रद्द कर दी गईं या रोक दी गईं। एजी की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि निगम ने 24 कार्यों के निष्पादन के लिए उपयोगकर्ता विभागों से प्राप्त 60.95 करोड़ की राशि वापस नहीं की है। रिपोर्ट के मुताबिक 2018-19 से 2022-23 के बीच निगम ने न तो कॉर्पोरेट बजट तैयार किया और न ही परियोजनाओं की समीक्षा और प्रगति की निगरानी के लिए कोई तकनीकी समिति गठित की। ई परियोजनाओं को वास्तविक स्थल परिस्थितियों के आधार पर विस्तृत अनुमान तैयार किए बिना ही सलाहकारों द्वारा बनाए गए मॉडल अनुमानों के आधार पर शुरू कर दिया गया।

## विधायक लुईस मरांडी के पीए का व्हाट्सएप हैक कर दो लोगों से ठगे 1.70 लाख रुपये

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका** । दुमका में साइबर अपराधियों ने ठगी का एक बेहद शातिर तरीका अपनाया है। इस बार ठगों ने जामा विधायक डॉ. लुईस मरांडी के निजी सहायक सावर्ण मृणाल मृदुल उर्फ मिट्ठू झा का व्हाट्सएप अकाउंट हैक कर उनके करीबियों को अपना निशाना बनाया। मदद के नाम पर बुने गए इस जाल में फंसकर दो लोगों ने कुल 1.70 लाख रुपये गंवा दिए हैं।

ठगी का खेल तब शुरू हुआ जब विधायक के पीए के व्हाट्सएप नंबर से उनके परिचितों को इमरजेंसी मैसेज भेजे गए। मैसेज में दावा किया गया कि उनका यूपीआई काम नहीं कर रहा है और उन्हें तत्काल पैसों की जरूरत है, जो शाम तक लौटा दिए जाएंगे। विधायक के पीए का नाम जुड़े होने के कारण परिचितों ने बिना किसी संदेह के पैसे ट्रांसफर कर दिए।

शहर के निवासी राजीव रंजन को मिट्ठू झा के नाम से संदेश भेजकर 90 हजार रुपये मांगे गए। उन्होंने भरोसे में आकर दिए गए नंबर पर 25-25 हजार की तीन किस्तों में 75 हजार रुपये भेज दिए। जब ठगों ने दोबारा 25 हजार की मांग की, तब राजीव को शक हुआ और उन्होंने सीधे मिट्ठू झा को फोन लगाया, जिससे व्हाट्सएप हैक होने की सच्चाई सामने आई।

इसी तरह एक शिक्षिका रूची शुक्ला को भी झांसे में लेकर ठगों ने 95 हजार रुपये ऐंठ लिए। ठगी का एहसास होने के बाद पीड़ितों ने साइबर क्राइम पोर्टल और नगर थाना दुमका में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस मामले की तकनीकी जांच कर रही है और उस मोबाइल नंबर को ट्रेस करने की कोशिश में है जिस पर पैसे ट्रांसफर किए गए थे।

## बोकारो में लोहा व्यवसायी से मांगी पांच करोड़ की रंगदारी

संवाददाता

**बोकारो** । बीएसएल एलएच निवासी लोहा व्यवसायी रितेश कुमार सिंह ने बीएस सिटी थाना में सोमवार को प्राथमिकी दर्ज करायी है।इसमें राहुल दूबे, अमन साहू, मयंक सिंह व प्रकाश शुक्ला पर रंगबाजी मांगने और परिवार सहित जान से मार देने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है।रितेश ने पुलिस को बताया है कि रविवार को मेरे मोबाइल पर व्हाटसअप कॉल आया। कॉल करने वाले ने कहा कि बॉस को पांच करोड़ रुपया चाहिए।इसके अलावे मैसेज करके भी पांच करोड़ मांगा गया। विरोध करने पर अभद्रता की गयी।



धमकी दी गयी कि बोकारो में एक व्यापारी की हत्या करनी थी। तुम्हारे घरवालों व सहयोगियों पर नजर बना रखे हैं।पैसे नहीं देने पर हत्या करेंगे। इधर, इंस्पेक्टर सुदामा कुमार दास ने प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है।मामले की जांच शुरू कर दी गयी है।एसपी हरविंदर सिंह व सिटी डीएसपी को भी जानकारी दी है।

## हाईकोर्ट ने 2025 सिविल सेवा परीक्षा में उम्र सीमा 2018 की मांग वाली याचिका की खारिज

संवाददाता

**रांची** । उच्च न्यायालय में वर्ष 2025, सिविल सेवा परीक्षा में प्रार्थियों की उम्र सीमा का कट ऑफ एक अगस्त 2022 की बजाय एक अगस्त 2018 करने के आग्रह करने वाली मधुसूदन शर्मा और अन्य की याचिका की सुनवाई हुई। मामले में उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति आनंदा सेन की कोर्ट ने प्रार्थी को राहत नहीं देते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कहा की उम्र सीमा का कट ऑफ निर्धारित करना सरकार का नीतिगत निर्णय है। इस पर अदालत हस्तक्षेप नहीं करेगी। प्रार्थी ने राज्य सरकार के फरवरी 2026 के उम्र सीमा से संबंधित नोटिफिकेशन जिसमें उम्र सीमा एक अगस्त 2026 से घटाकर एक अगस्त 2022 कर दी गई थी उसे चुनौती दी थी। प्रार्थी ने उक्त परीक्षा के लिए उम्र सीमा का कट ऑफ डेट एक अगस्त 2018 करने का आग्रह किया था। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरावाल और अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने पक्ष रखा।

### धरना के कारण सड़क जाम पर हाईकोर्ट सख्त, सरकार से मांगा जवाब

**रांची** । झारखंड हाईकोर्ट ने विधानसभा और नए हाईकोर्ट परिसर की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर धरना-प्रदर्शन के कारण होने वाली यातायात समस्या को गंभीरता से लिया है। इस संबंध में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस महेश शरद चंद्र सोनक और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि किसी भी प्रकार के प्रोटेस्ट के कारण सड़क जाम नहीं होना चाहिए और लोगों के आवागमन में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि आम लोगों को आने-जाने में कठिनाई न हो। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि सरकार पूरे मामले की जांच कर अदालत में जवाब दाखिल करेगी

# विधानसभा में संताल परगना के जनप्रतिनिधियों की गुहार

### विधानसभा परिसर में अंबेडकर और शिबू सोरेन की प्रतिमा लगे : सुरेश पासवान



**रांची।** झारखंड विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान देवघर विधायक सुरेश पासवान ने सरकार के पक्ष में बोलते हुए कटौती प्रस्ताव का विरोध किया और कई मुद्दे उठाए। उन्होंने विधानसभा परिसर में बाबा अंबेडकर और शिबू सोरेन की प्रतिमा लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य गठन आंदोलन में आंदोलनकारियों का बड़ा योगदान रहा है, इसलिए उनकी विरासत का सम्मान होना चाहिए। पासवान ने विस्थापित परिवारों को मिली जमीन का म्यूटेशन कर जल्द रसीद देने, खाली प्रशासनिक पदों को भरने और पीडब्ल्यूडी में कार्यरत एससी इंजीनियरों को पदोन्नति देने की मांग की। उन्होंने जसीडीह क्षेत्र में उद्योग बंद होने के बाद किसानों की जमीन वापस दिलाने की बात कही। साथ ही मोहनपुर में अंबेडकर के नाम पर पॉलिटेक्निक कॉलेज और सावित्री फुले के नाम पर पुस्तकालय खोलने की मांग की।

### देवघर में रैयतों की जमीन वापस कराई जाएं : सुरेश

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान देवघर विधायक सुरेश पासवान ने रैयतों की जमीन वापस कराने का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने अध्यक्ष के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि देवघर जिले के चांदपुर मौजा में रैयतों की जमीन 50 वर्षों के लिए डाबर इंडिया लिमिटेड को दी गई थी। यह अवधि वर्ष 2013 में समाप्त हो चुकी है। विधायक ने कहा कि इस मामले में झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश में कानून के अनुसार रैयतों को उनकी जमीन वापस करने का निर्देश दिया था।

इसके बावजूद अब तक रैयतों को जमीन वापस नहीं की गई है। सुरेश पासवान ने कहा कि जमीन नहीं मिलने के कारण कई रैयतों की स्थिति बेहद खराब हो गई है और वे भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि अदालत के आदेश का पालन करते हुए रैयतों को जल्द से जल्द उनकी जमीन वापस दिलाई जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके।

### मतदाता सूची, ओबीसी आरक्षण और जातीय जनगणना पर प्रदीप यादव ने जताई चिंता



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में विधायक प्रदीप यादव ने कई महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दे उठाते हुए सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने मतदाता सूची से नाम हटाने, ओबीसी आरक्षण, जातीय जनगणना और स्थानीय युवाओं के रोजगार जैसे विषयों पर चिंता जताई। प्रदीप यादव ने कहा कि देश के कई राज्यों में बड़ी संख्या में लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। उनके अनुसार बिहार में करीब 65 लाख और अन्य राज्यों में लगभग एक करोड़ लोगों के नाम हटाए गए हैं। झारखंड में भी पैरेंटल मैपिंग के नाम पर करीब 12 लाख नाम काटे जाने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि इससे आदिवासी, दलित, पिछड़े और मुस्लिम समुदाय अधिक प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने दुमका में चौकीदार बहाली का उदाहरण देते हुए ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही राज्य में जातीय जनगणना कराने, 75 प्रतिशत स्थानीय नियोजन कानून को लागू करने और भूमिहीनों को निवास प्रमाण पत्र देने की मांग भी की।

### डीएमएफटी फंड के उपयोग पर उठाए सवाल

**रांची।** झारखंड विधानसभा में खनन क्षेत्रों के विकास और जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) फंड के उपयोग को लेकर चर्चा के दौरान विधायक प्रदीप यादव ने खान एवं भूतत्व विभाग से कई महत्वपूर्ण सवाल उठाए। सदन में उन्होंने पूछा कि क्या भारत सरकार के नए दिशा-निर्देशों के अनुसार खनन क्षेत्र के 30 किलोमीटर के दायरे में ही डीएमएफटी फंड से विकास कार्य करने का प्रावधान तय किया गया है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के कारण फंड का उपयोग जिले के कुछ सीमित इलाकों में ही हो पाता है।

प्रदीप यादव ने कहा कि खनन गतिविधियों से प्रभावित कई अन्य क्षेत्रों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है, जिससे विकास में क्षेत्रीय असंतुलन पैदा हो रहा है। उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या समावेशी और संतुलित विकास सुनिश्चित करने के लिए कोई नई योजना या नीति बनाने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खनन से प्रभावित सभी क्षेत्रों तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना जरूरी है।

### जामा विधायक डॉ. लुईस मरांडी ने 50 बेड अस्पताल शुरू कराने का मुद्दा उठाया



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान शून्यकाल में जामा विधानसभा क्षेत्र की विधायक डॉ. लुईस मरांडी ने रामगढ़ प्रखंड के कदविंदा में बने 50 बेड के अस्पताल भवन का मुद्दा उठाया। उन्होंने सदन को बताया कि कदविंदा में 50 बेड का अस्पताल भवन बनकर तैयार है, लेकिन अब तक उसका उपयोग शुरू नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि अस्पताल का संचालन जनहित में अत्यंत आवश्यक है। विधायक ने कहा कि अस्पताल शुरू होने से आसपास के लगभग 100 से अधिक गांवों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी और उन्हें इलाज के लिए दूर-दराज के शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। डॉ. लुईस मरांडी ने सरकार से मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए कदविंदा स्थित 50 बेड अस्पताल को जल्द से जल्द चालू कराया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

### टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के लैब टेक्नीशियनों को नियमितीकरण किया जाएं : एमटी राजा



**रांची।** राजमहल विधायक मोहम्मद ताजमुद्दीन ने स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत लैब टेक्नीशियनों के नियमितीकरण की मांग की। उन्होंने कहा कि झारखंड स्वास्थ्य विभाग में पिछले 20-25 वर्षों से टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कई लैब टेक्नीशियन कार्यरत हैं, लेकिन अब तक उनके नियमितीकरण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। विधायक ने बताया कि इन कर्मियों को पीएफ, पेंशन, वेतन मैट्रिक्स, चिकित्सा अवकाश और अन्य मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं, जिससे उन्हें लंबे समय से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मोहम्मद ताजमुद्दीन ने सरकार से मांग की कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत इन लैब टेक्नीशियनों के लिए स्पष्ट नियम और नीति बनाकर उनका नियमितीकरण किया जाए तथा उन्हें उचित वेतनमान और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएं।

### विधायक धनंजय सोरेन ने सड़क और बिजली की मांग उठाई



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बोरियो विधायक धनंजय सोरेन ने साहिबगंज जिले के एक गांव में बुनियादी सुविधाओं की कमी का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने बताया कि साहिबगंज जिले के बोरियो प्रखंड अंतर्गत तेरीयापाड़ा पंचायत के दरभंगा संथाली गांव स्थित दरभंगा पहाड़ में लगभग 500 घर और करीब 2000 की आबादी निवास करती है। इसके बावजूद वहां अब तक सड़क और बिजली की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

विधायक ने कहा कि इन मूलभूत सुविधाओं के अभाव में गांव के लोग काफी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए दरभंगा पहाड़ गांव में जल्द से जल्द सड़क और बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

### शिक्षकों की पदस्थापना पर सारठ विधायक उदय शंकर सिंह ने उठाए सवाल



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में सारठ विधायक उदय शंकर सिंह ने देवघर जिले के एक विद्यालय में शिक्षकों की पदस्थापना को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि विभागीय जानकारी के अनुसार वहां 18 शिक्षक कार्यरत बताए गए हैं, जिनमें 7 पीजीटी, 7 टीजीटी और 4 प्राथमिक शिक्षक शामिल हैं। उन्होंने पूछा कि क्या सभी शिक्षक वास्तव में वहां कार्यरत हैं। इस पर शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि विभाग ने स्पष्ट जवाब दिया है और स्कूल में छात्र-शिक्षक अनुपात के अनुसार स्थिति संतुलित है। उन्होंने बताया कि हाई स्कूल में 11 पद स्वीकृत हैं और पर्याप्त शिक्षक मौजूद हैं। फिर भी सदस्य की चिंता को देखते हुए मामले की समीक्षा की जाएगी।

# झारखंड विधानसभा में डीएमएफटी फंड के उपयोग पर चर्चा, दायरा बढ़ाने और निगरानी व्यवस्था पर उठे सवाल

**संताल एक्सप्रेस**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में सोमवार को खनन क्षेत्रों के विकास और जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) फंड के उपयोग को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इस दौरान विधायकों ने फंड के उपयोग के दायरे, इसके प्रभाव और संभावित दुरुपयोग के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। विधायक प्रदीप यादव ने खान एवं भूतत्व विभाग से सवाल किया कि क्या भारत सरकार के नए दिशा-निर्देशों के अनुसार खनन क्षेत्र के 30 किलोमीटर के दायरे में ही डीएमएफटी फंड से विकास कार्य करने का प्रावधान तय किया गया है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के कारण डीएमएफटी फंड जिले के कुछ सीमित हिस्सों में ही खर्च हो जाता है, जिससे अन्य प्रभावित क्षेत्र विकास से वंचित रह जाते हैं और क्षेत्रीय असंतुलन की स्थिति उत्पन्न होती है। उन्होंने सरकार से पूछा कि समावेशी और संतुलित विकास सुनिश्चित करने के लिए क्या कोई नई योजना शुरू करने पर विचार किया जा रहा है।सरकार की ओर से जवाब देते हुए मंत्री योगेंद्र महतो ने बताया कि झारखंड जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट नियम, 2024 के नियम 5 (ए) के अनुसार खनन पट्टा क्षेत्र से सीधे प्रभावित क्षेत्र, जो 15 किलोमीटर के दायरे में आते हैं और नियम 5 (बी) के तहत अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्र, जो 25 किलोमीटर के दायरे में आते हैं, वहां डीएमएफटी फंड का उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह राशि प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (पीएमकेकेकेवाई) गाइडलाइन, 2024 के तहत खर्च की जाती है।मंत्री ने बताया कि खनन से प्रभावित लोगों की पहचान ग्राम सभा या शहरी निकायों के स्थानीय एवं निर्वाचित प्रतिनिधियों से परामर्श के बाद की जाती है और उसी आधार पर विकास कार्यों के लिए डीएमएफटी फंड का उपयोग किया जाता है।इस पर विधायक प्रदीप यादव ने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि फंड का उपयोग सीमित क्षेत्र में ही किया जाएगा, तो पूरे जिले में संतुलित विकास कैसे सुनिश्चित होगा। उन्होंने सरकार से इस संबंध में स्पष्ट नीति बताने की मांग की।उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सारंडा क्षेत्र में लौह अयस्क (आयरन ओर) की खदानें हैं और वहां 15 से 20 किलोमीटर के दायरे में गांवों की संख्या सीमित है। ऐसे में डीएमएफटी फंड की पूरी राशि का उपयोग संभव नहीं हो पाएगा और बड़ी राशि बची रह सकती है।

इस दौरान मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि यदि नेता प्रतिपक्ष सहमत हों, तो इस विषय पर सदन में प्रस्ताव भी लाया जा सकता है, ताकि इस पर व्यापक चर्चा हो सके। वहीं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि फिलहाल 15 और 25 किलोमीटर के दायरे में डीएमएफटी फंड खर्च करने का जो प्रावधान है, वह सही है। पहले यह देखना जरूरी है कि खनन प्रभावित क्षेत्रों में इस राशि का सही उपयोग हो रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि कई मामलों में डीएमएफटी फंड के दुरुपयोग की



शिकायतें भी सामने आई हैं।बाबूलाल मरांडी ने सुझाव दिया कि फंड के दायरे को बढ़ाने से पहले इसके उपयोग की निगरानी के लिए विधानसभा की एक टीम गठित की जानी चाहिए। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए बताया कि हाल ही में वे लातेहार गए थे। वहां कार्यकर्ताओं ने उन्हें एक जिम दिखाया, जिसके बारे में बाद में पता चला कि उसका निर्माण डीएमएफटी फंड से कराया गया है। उन्होंने बोकारो और रामगढ़ सहित कई जिलों में डीएमएफटी फंड के दुरुपयोग का मुद्दा भी उठाया।इस पर मंत्री योगेंद्र महतो ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष की चिंता उचित है। कुछ मामलों की जांच चल रही है और यदि कोई दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि नई नियमावली में संशोधन को लेकर केंद्र सरकार से भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

**झारखंड विधानसभा में धान खरीद में गड़बड़ी का मुद्दा गरमाया, मैक्लुस्कीगंज में अवैध ईंट भट्ठों पर भी उठे सवाल**

रांची झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 15वें दिन सोमवार को सदन में धान खरीद में कथित गड़बड़ी का मुद्दा जोरदार तरीके से उठा। विधायक जनार्दन पासवान ने राज्य में धान खरीद प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाया और इसे गंभीर घोटाला करार दिया।जनार्दन पासवान ने सदन में कहा कि राज्य में धान खरीद की प्रक्रिया पूरी तरह संदिग्ध हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई ऐसे लोग, जिनके पास कृषि योग्य जमीन तक नहीं है, वे भी 400 से 500 क्विंटल तक धान सरकार को बेच रहे हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि बिहार से धान लाकर झारखंड में बेचा जा रहा है, जिससे पूरी खरीद प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं।इस पर जवाब देते हुए राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि इस तरह का कोई मामला अभी तक सरकार के संज्ञान में नहीं आया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि इस संबंध में कोई शिकायत या ठोस तथ्य सामने आते हैं, तो सरकार इसकी जांच कराएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि धान खरीद की पूरी प्रक्रिया में व्यापक स्तर पर अनियमितता हो रही है। उन्होंने सरकार से इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराने की मांग की।मैक्लुस्कीगंज को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने और अवैध ईंट भट्ठों का मुद्दा भी उठा इस दौरान सदन में मैक्लुस्कीगंज क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने और वहां संचालित अवैध ईंट भट्ठों का मुद्दा भी उठाया गया। विधायक प्रकाश राम ने कहा कि सरकार एक ओर मैक्लुस्कीगंज को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर इलाके में ईंट भट्ठों और क्रशर के संचालन से प्रदूषण का खतरा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में कई ईंट भट्ठे नियमों के विरुद्ध संचालित हो रहे हैं और इस पर सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए।इस पर जवाब देते हुए मंत्री योगेंद्र महतो ने कहा कि राज्य सरकार ने मैक्लुस्कीगंज को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि जिले में करीब 30 ईंट भट्ठों के संचालन की जानकारी मिली है और सभी संचालकों से कागजात की मांग की गई है। यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।इस बीच विधायक सीपी सिंह ने भी इस मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रश्न में नौ अवैध ईंट भट्ठों का जिक्र किया गया है, जबकि मंत्री 30 भट्ठों की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अक्सर विभागीय मंत्री मामलों को टालते रहते हैं और जब विधानसभा में सवाल उठता है, तभी सरकार की नींद खुलती है।वहीं विधायक प्रकाश राम ने स्पष्ट किया कि विभागीय जवाब में जिले के 30 भट्ठों का उल्लेख है, लेकिन उन्होंने विशेष रूप से पर्यटन क्षेत्र में संचालित नौ अवैध ईंट भट्ठों का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि इन अवैध भट्ठों के कारण क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ रहा है, जिसका सीधा असर पर्यटन पर पड़ रहा है और पर्यटकों की संख्या भी घट रही है।

## एनआईसी के कॉफ़ी टेबल बुक का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण



**संताल एक्सप्रेस**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के महानिदेशक अभिषेक सिंह, उप-महानिदेशक दीपक कुमार एवं वैज्ञानिक-'एफ' ओमेश प्रसाद सिन्हा ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा तैयार की गई कॉफी टेबल बुक का लोकार्पण किया। इस पुस्तक में झारखंड राज्य में NIC द्वारा संचालित विभिन्न ई-गवर्नेंस परियोजनाओं, डिजिटल पहलों एवं नवाचारों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर मुख्य सचिव अविनाश

## सब इंस्पेक्टर सूरज पांडेय को पुरस्कृत करेगा रेल मंत्रालय

**रांची /नई दिल्ली।** आज संसद भवन में रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने रेल मंत्री श्री अश्वीनी वैष्णव से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान श्री सेठ ने रेल मंत्री को शनिवार को रांची रेलवे स्टेशन पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना से अवगत कराया और इसमें एक युवक की जान बचाने वाले आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर सूरज पांडेय की भूमिका की प्रशंसा की। रक्षा राज्य मंत्री ने रेल मंत्री से आग्रह किया कि सब इंस्पेक्टर सूरज पांडेय को उनके कार्य के लिए पुरस्कार दिया जाए। रक्षा राज्य मंत्री के आग्रह पर रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने त्वरित स्वीकृति प्रदान की और कहा कि ऐसे संवेदनशील अधिकारियों को रेलवे हमेशा से सम्मानित करता रहा है। सूरज पांडेय को उनके कार्य के लिए रेल मंत्रालय के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

## साहिबगंज सदर अस्पताल के बंद कैदी की वार्ड में मौत

**संताल एक्सप्रेस / साहिबगंज।** साहिबगंज सदर अस्पताल परिसर स्थित कैदी वार्ड में सोमवार की अहले सुबह लगभग छह बजे एक बंदी की मौत हो गई.बंदी की मौत की पुष्टि मौके पर मौजूद चिकित्सक ने की.बंदी की हुई मौत के बाद जेल प्रशासन पर कई सवाल उठ रहा है.कि जेल प्रशासन ने लापरवाही बरती है.मिली जानकारी के अनुसार साहिबगंज कारा मंडल में बंद बंदी नईम अंसारी उम्र 45 वर्ष पिता उलफत अंसारी की तबीयत बिगड़ने पर उसे जेल प्रशासन ने इलाज के लिए रविवार की सुबह करीब नौ बजे सदर अस्पताल में भर्ती कराया. जहां कुछ देर के बाद बंदी नईम की हालत बिगड़ते देख कुछ ही देर में चिकित्सक ने उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया. लेकिन उसे बाहर नहीं ले जाया गया . बल्कि कैदी वार्ड में ही इलाज जारी रखा.इलाज के दौरान सोमवार की असले सुबह बंदी नईम अंसारी की मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार बंदी नईम अंसारी बरहेट थाना क्षेत्र रहने वाला था. वही चिकित्सक डॉ. केशव कृष्णा ने बताया कि बंदी मरीज को चमकी की बीमारी था. हालत ठीक नहीं होने पर उसी दिन रेफर कर दिया गया था.इधर बंदी मरीज की मौत की सूचना मिलने पर जिरवाबाड़ी पुलिस अस्पताल पहुंच कैदी मरीज के शव का कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुटी है. वही शव का पोस्टमार्टम के लिए मजिस्ट्रेट के रूप में सीओ सह बीडीओ बासुकिनाथ टुडू के नेतृत्व में तीन सदस्यीय मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया.जिसमे डॉ. केशव कृष्णा, डॉ मुकेश कुमार व डॉ. प्रशांत कुमार शामिल थे. वही मेडिकल बोर्ड की टीम ने शव का पोस्टमार्टम के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज दुमका रेफर कर दिया.

## प्रसूति बीमारी प्लेसेंटा परकिटा का सफल ऑपरेशन कर डॉक्टरों ने बचाई जान

**रांची।** पारस एचईसी हॉस्पिटल में एक बेहद जटिल और जानलेवा प्रसूति बीमारी प्लेसेंटा परक्रिटा का सफल ऑपरेशन कर डॉक्टरों की टीम ने एक महिला की जान बचाई। यह सर्जरी स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ और लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. रितिका पाठक के नेतृत्व में की गई। मरीज को पहले कई अस्पतालों में इस बीमारी की गंभीरता के कारण ऑपरेशन करने से मना कर दिया गया था। प्लेसेंटा परक्रिटा एक दुर्लभ और अत्यंत गंभीर स्थिति होती है, जिसमें प्लेसेंटा गर्भाशय की दीवार को पार कर आसपास के अंगों, विशेषकर ब्लैडर तक पहुंच जाता है। ऐसी स्थिति में प्रसव के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव का खतरा रहता है और मरीज की जान पर बन सकती है। डॉक्टरों की टीम ने सावधानीपूर्वक योजना बनाते हुए सीजेरियन हिस्टरेक्टॉमी के साथ आंशिक सिस्टेक्टॉमी कर प्लेसेंटा और ब्लैडर के प्रभावित हिस्से को सुरक्षित रूप से हटाया।

## कॉन्टाडिनो धूमधाम से मनाया गया



**रांची।** ओड़िशा के कटकस्थित श्री श्री विश्वविद्यालय के कृषि विभाग द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव 'कॉन्टाडिनो-2026' धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ओलिउड अभिनेता संदीप मिश्र, गायिका देवांशी दास तथा समाजसेवी एवं युवा प्रतिभा राकेश धुपर उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) तेज प्रताप तथा कृषि विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) एस. कुमारस्वामी भी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने सांगीतिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित जनों का मन मोह लिया। विश्वविद्यालय के मल्टी पर्पज हॉल में आयोजित इस मेगा इवेंट के समापन दिवस पर विद्यार्थियों ने फैशन शो और डांस धमाका के जरिए आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।

### डीडीसी ने लिया सदर अस्पताल में निर्माण कार्य का जायजा

**साहिबगंज ।** साहिबगंज सदर अस्पताल परिसर स्थित वेयर हाउस के ग्राउंड फ्लोर में सीटी स्कैन रूम एवं डिजिटल एक्स-रे रूम का निर्माण कार्य जारी है.सोमवार को डीडीसी सतीश चंद्रा ने सदर अस्पताल के वेयर हाउस पहुंच कर हो रहे निर्माण कार्य को बारिकी से देखे.और मौजूद एनआरईपी के कार्यपालक अभियंता देवी लाल हांसदा व सहायक अभियंता दिवाकर मिश्रा से निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी ली.

## अवैध संबंध का भेद खुलने के डर से बुजुर्ग की हत्या

**पलामू ।** पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र में हुए चर्चित राजदेव महतो हत्याकांड का पुलिस ने 12 दिन बाद खुलासा कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि एक महिला के दो पुरुषों के साथ अवैध संबंध का राज खुलने के डर से बुजुर्ग की हत्या की गई थी। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी अब भी फरार है।गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सेवती गांव के बच्चू महतो (55) और संतोष महतो (50) के रूप में हुई है।

## झारखंड आंदोलनकारियों ने मांगों को लेकर किया विधानसभा के समक्ष प्रदर्शन




**संताल एक्सप्रेस**

**रांची ।** झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग का कार्यकाल बढ़ाने, बीमार और वृद्ध आंदोलनकारीयों को 15 लाख रुपये का गुरुजी मेडिकल कॉर्ड जारी करने और आंदोलनकारियों को 25 हजार रुपये की स मान राशि देने की मांग को लेकर आंदोलनकारियों ने सोमवार को विधानसभा के समक्ष प्रदर्शन किया।आंदोलनकारी पुराना विधानसभा मैदान से रैली निकाल कर कूटे मैदान पहुंचे जहां अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।इसके बाद आंदोलनकारियों का सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मु यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा। सौंपे गए मांग पत्र में झारखंड आंदोलन के अगुआ दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न से स मानित करने का प्रस्ताव विधानसभा से पारित करने की मांग की।मौके पर झारखंड आंदोलनकारियों ने कहा कि आयोग का कार्यकाल खत्म होने से आंदोलनकारियों की समस्या और भी जटिल हो गई है, आंदोलनकारी बीमारी और बुढ़ापे से 25 वर्षों के बाद भी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि आंदोलकारियों के लिए गुरुजी मेडिकल कॉर्ड जारी कर सभी आंदोलनकारियों को स मान राशि सुनिश्चित की जाय अन्यथा आंदोलनकारी आंदोलन की राह पकड़ने को विवश होंगे।मौके पर कई आंदोलनकारी मौजूद थे।

## आधुनिक तकनिक रिम्स में से टीबी और सर्वाइकल कैंसर की जांच की तैयारी

**रांची।** झारखंड में टीबी और सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान और बेहतर इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) और रोबोटिक तकनीक के उपयोग की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। इस संबंध में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मेरिल लाइफ साइंस के अधिकारियों ने एआई आधारित तकनीक से सर्वाइकल कैंसर और टीबी की शुरुआती पहचान की संभावनाओं पर प्रस्तुति दी। बताया गया कि एआई आधारित जांच से सर्वाइकल कैंसर की प्रारंभिक पहचान एएनएम स्तर पर भी संभव होगी, जबकि टीबी की जांच एआई आधारित एक्स-रे से की जा सकेगी। संदिग्ध मामलों में आगे आरटीपीसीआर टेस्ट कराया जाएगाबैठक में रोबोटिक सर्जरी की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। निर्देश दिया गया कि पायलट प्रोजेक्ट के रूप में रिम्स में प्रशिक्षण शुरू किया जाए। साथ ही रोबोटिक सर्जरी के लिए लागत आधारित पैकेज तैयार कर उसे आयुष्मान भारत और सीजीएचएस दरों से जोड़ने की संभावनाओं का अध्ययन करने को कहा गया।

## एयर एंबुलेंस दुर्घटना की जांच कर दोषियों पर हो कार्रवाई :आजसू

**रांची।** चतरा में हुए एयर एंबुलेंस के दुर्घटना के मामले में आजसू पार्टी के रांची जिला के उपाध्यक्ष डॉ पारितोष के नेतृत्व में पार्टी के चिकित्सक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से लोक भवन में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से एयर एंबुलेंस के दुर्घटना की उच्चस्तरीय और स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की मांग की। मौके पर पार्टी के नेताओं ने बताया कि एयर एंबुलेंस में कोई ब्लैक बॉक्स नहीं था। ऐसे में सवाल उठता है कि बगैर ब्लैक बॉक्स के विमान के उडान की अनुमति कैसे मिली।पार्टी ने राज्यपाल को बताया कि दुर्घटना में सदर अस्पताल के प्रतिभावान डॉक्टर, डॉ विकास गुप्ता की भी मौत हो गई। डॉ गुप्ता अपने पीछे पत्नी और छह वर्षीय पुत्र को छोड गए हैं। ऐसे में राज्य सरकार को बालक के शिक्षा-दीक्षा और संरक्षण राज्य सरकार की ओर से करने की मांग की गई।पार्टी की ओर से मामले में जिन बिंदुओं के जांच की मांग की गई है उनमें दुर्घटना की उच्चस्तरीय जांच के अलावा, विमान में ब्लैक बॉक्स के नहीं रहने के संबंध में स्पाष्ट जांच कराने, मौसम की चेतावनी के बावजूद विमान को टेकऑफ की अनुमति देने के कारणों की जांच करने, दुर्घटना के वास्तविक कारणों की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने और दुर्घटना में मारे गए ।

## आरकेडीएफ विश्वविद्यालय रांची में फार्मा अन्वेषण का आयोजन



**रांची।** फार्मेसी शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और उद्योग के बीच समन्वय को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया की पहल फार्मा अन्वेषण के अंतर्गत ÷फार्मा अन्वेषण झारखंड 2026 का भव्य एवं सफल आयोजन 16 मार्च को रांची में किया गया। कार्यक्रम की मेजबानी आरकेडीएफ विश्वविद्यालय रांची के औषधि विज्ञान संस्थान द्वारा की गई। यह कार्यक्रम जन स्वास्थ्य संस्थान सभागार, नामकुम रांची में आयोजित हुआ, जिसमें झारखंड सहित विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालयों, फार्मेसी महाविद्यालयों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, उद्योग विशेषज्ञों और विद्यार्थियों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इस वर्ष कार्यक्रम का विषय भविष्य का फार्मा पारिस्थितिकी तंत्र- शिक्षा जगत, उद्योग, अनुसंधान, नियामक व्यवस्था एवं व्यवहारिक क्षेत्र के बीच समन्वय रखा गया था, जिसका उद्देश्य फार्मेसी शिक्षा, अनुसंधान और उद्योग के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना तथा विद्यार्थियों में नवाचार, स्टार्टअप और उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देना था।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर में स्वास्थ्य क्षेत्र में फार्मेसी का महत्व लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण दवाओं का विकास, अनुसंधान आधारित औषधि नवाचार और आधुनिक तकनीक का उपयोग स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी और सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## बरहरवा में बारिश का कहर, पेड़ और बिजली पोल गिरे, किसानों की फसल को भारी नुकसान



**बरहरवा ।** बरहरवा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार की देर शाम अचानक आई तेज आंधी और बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया. मौसम के अचानक बदले मिजाज से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा. तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के कारण कई जगहों पर बड़े-बड़े पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर गए. जिससे आवागमन भी प्रभावित हुआ.आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई स्थानों पर बिजली के पोल भी गिर गए और बिजली के तार क्षतिग्रस्त हो गए. इसके कारण बरहरवा नगर सहित कई ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हो गई. जानकारी के अनुसार लगभग 18 से 20 घंटे तक कई मोहल्लों और गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित रही. रात के समय अंधेरे में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा. वहीं बिजली नहीं रहने के कारण पानी की आपूर्ति और अन्य दैनिक कार्य भी प्रभावित रहे.आंधी-बारिश के कारण कई जगहों पर टीन-शेड और कमजोर छप्पर भी उड़ जाने की खबर है. जिससे कुछ घरों को आंशिक नुकसान हुआ. कई सड़कों पर पेड़ गिर जाने से यातायात भी कुछ समय के लिए बाधित रहा. स्थानीय लोगों ने मिलकर कई स्थानों पर गिरे पेड़ों को हटाया.ताकि आवागमन फिर से सामान्य हो सके.वहीं दूसरी ओर अचानक आई आंधी और बारिश से किसानों को भी काफी नुकसान हुआ है. खेतों में तैयार खड़ी चना और गेहूं जैसी फसलों को तेज हवा और बारिश के कारण भारी क्षति पहुंची है.

## मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला की सड़क हादसे में मौत

**बोकारो।** बोकारो जिले के सिटी क्षेत्र के उकरीद मोड़ के पास सोमवार सुबह एक सड़क हादसे में मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान शीला देवी (48 ) के रूप में हुई है, जो एलएच मोड़ की रहने वाली थीं।बताया जा रहा है कि शीला देवी सुबह करीब 5÷30 बजे मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकली थीं। इसी दौरान उकरीद मोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गईं।घटना की सूचना मिलते ही सिटी थाना, पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## दीपिका पांडेय की पहल से झारखंड में ग्रामीण विकास विभाग में एआई आधारित प्रशिक्षण शुरू



**रांची।** झारखंड में प्रशासनिक व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य और पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह की पहल पर ग्रामीण विकास विभाग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस पहल के साथ झारखंड ऐसा पहला राज्य बन गया है, जहां किसी सरकारी विभाग ने कर्मचारियों के लिए संगठित रूप से एआई क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू किया है।विभाग ने 17 अक्टूबर 2025 को ग्रामीण एआई सपोर्ट सेल÷ की स्थापना की। इसके बाद जनवरी-फरवरी 2026 के बीच छह प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें 40 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। प्रशिक्षण में कंप्यूटर ऑपरेटर से लेकर अवर सचिव स्तर तक के अधिकारियों को एआई टूल्स के उपयोग की जानकारी दी गई।प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को दस्तावेज तैयार करने, डेटा विश्लेषण, रिपोर्टिंग और योजनाओं की निगरानी के लिए क्लाउड, कॉपिलोट, पावर बीआई और पर्पलेक्सिटी जैसे एआई टूल्स का उपयोग सिखाया गया।मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि आधुनिक तकनीक से सशक्त प्रशासन ही योजनाओं को पारदर्शी और प्रभावी बना सकता है। उन्होंने कहा कि इस पहल से झारखंड तकनीक आधारित सुशासन की दिशा में एक मॉडल राज्य बन सकता है।

## सांप काटने से 22 वर्षीय महिला की मौत

**बरहेट।**बरहेट थाना क्षेत्र के धनजोरी गांव में सांप काटने से एक महिला की मौत हो गई. घटना के बाद परिजनों में मातम छा गया है.मिली जानकारी के अनुसार गांव की 22 वर्षीय खुशबू कुमारी पति मुन्ना पंडित सोमवार सुबह घर के पीछे स्थित कुएं से पानी लाने गई थी. इसी दौरान अचानक उसके पैर में एक जहरीले सांप ने काट लिया.घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने आनन-फानन में उसे इलाज के लिए प्रेम ज्योति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंद्रगोड़ा ले जाया गया.जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

## स्वास्थ्य आरोग्य दूत एवं साथिया सम्मान सम्मेलन आयोजित



**साहिबगंज ।** जिला मुख्यालय स्थित सिद्धो-कान्हो सभागार में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत् जिला स्तरीय स्वास्थ्य आरोग्य दूत एवं साथिया सम्मान सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया. सम्मेलन में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए साथिया एवं स्वास्थ्य आरोग्य दूतों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा किशोर स्वास्थ्य से जुड़ी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन, साहिबगंज डॉ रामदेव पासवान उपस्थित रहे. इसके अलावा जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, डीआरसीएचओ डॉ. अमित, डॉ. मोनिका राणा मौजूद थे.कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रूप से पौधे में जलार्पण कर की गई. मुख्य अतिथियों का स्वागत साथिया द्वारा नन्हा पौधा भेंट कर किया गया.सम्मेलन के दौरान सदर प्रखंड स्थित पोखरिया विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य, नाटक एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई.

## गंगा स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के तहत एक घंटा श्रमदान अपने देश के नाम कार्यक्रम आयोजित



**साहिबगंज ।** नमामि गंगे योजना के तहत् आयोजित गंगा स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के शुभारंभ अवसर पर राजमहल स्थित सूर्यदेव घाट पर एक घंटा श्रमदान अपने देश के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य गंगा तट की स्वच्छता सुनिश्चित करना तथा आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था.कार्यक्रम की शुरुआत राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो के संबोधन के साथ हुई. उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए गंगा की स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा जनसहभागिता के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी से गंगा तट को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की.कार्यक्रम का संचालन नगर पंचायत राजमहल के प्रभारी नगर प्रबंधक जितेश कुमार चौधरी एवं डीपीओ नमामि गंगे साहिबगंज अमित मिश्रा ने किया.इस अवसर पर कन्या मध्य विद्यालय नील कोठी, प्लस टू जेके उच्च विद्यालय तथा प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए गंगा तट पर श्रमदान किया. इसके साथ ही विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की सदस्याओं, नगर पंचायत राजमहल के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी सक्रिय रूप से भागीदारी निभाई.कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने गंगा तट की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया.

## जिले के सभी 16 थानों को उपलब्ध कराए गए चार पहिया पेट्रोलिंग वाहन



संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा ।** जिले में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, अपराध नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने तथा पुलिस की गश्ती व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से आज जिले के कुल 16 थानों को चार पहिया पेट्रोलिंग वाहन उपलब्ध कराए गए। इन वाहनों के माध्यम से पुलिस बल की त्वरित कार्रवाई क्षमता को बढ़ावा मिलेगा तथा आम नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा। वहीं सोमवार को गोड्डा पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अंजली यादव एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने संयुक्त रूप से सभी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर संबंधित थानों के लिए रवाना किया। इस अवसर पर बताया गया कि प्रत्येक थाना को एक-एक पेट्रोलिंग वाहन उपलब्ध कराया गया है, जबकि पोड़ैयाहाट थाना को कार्यक्षेत्र के हिसाब से दो वाहन प्रदान किए गए हैं, ताकि सभी थानों की पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। इस अवसर पर उपायुक्त अंजली यादव ने कहा कि आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित पुलिस व्यवस्था ही बेहतर कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने में सहायक होती है। उन्होंने कहा कि इन वाहनों के उपलब्ध होने से पुलिस की गश्ती व्यवस्था में तेजी आएगी तथा किसी भी आपात स्थिति में पुलिस बल त्वरित रूप से घटनास्थल पर पहुंच सकेगा।

# टोटो रिक्शा में महिला का हुआ प्रसव, समय पर नहीं मिली एंबुलेंस

संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा ।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी एक बार फिर सामने आई है। सदर अस्पताल ले जाते समय एक गर्भवती महिला ने टोटो रिक्शा में ही बच्चे को जन्म दिया। यह घटना भतडीहा पंचायत के नोनमाटी गांव के पास हुई, जहां महिला को एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो पाई। जानकारी के अनुसार, बेलारी निवासी गर्भवती महिला रुक्मिणी देवी (पति कौशल हरिजन) को प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजनों ने तत्काल 108 एंबुलेंस और ममता वाहन सेवा को सूचित किया। हालांकि, परिजनों का आरोप है कि कई बार संपर्क करने और घंटों इंतजार के बाद भी कोई एंबुलेंस गांव नहीं पहुंची। जिसके बाद महिला की बिगड़ती हालत को देखते हुए परिजन महिला को टोटो रिक्शा से सदर



अस्पताल ले जाने के लिए मजबूर हुए। वहीं नोनमाटी गांव के पास महिला की प्रसव पीड़ा बढ़ गई और महिला ने रिक्शे में ही एक लड़के को जन्म दिया।इस घटना के बाद परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त की है। नाराज और आक्रोशित परिजनों ने कहा कि सरकार बड़ी-बड़ी योजनाओं का प्रचार करती है, लेकिन जरूरतमंदों को समय पर सुविधाएं नहीं मिल पातीं। प्रसूता के पति कौशल हरिजन ने कहा, हमने कई बार फोन किया, लेकिन एंबुलेंस नहीं आई। गरीब आदमी कहां जाए? मजबूर होकर हमें टोटो रिक्शा का सहारा लेना पड़ा। बच्चे के जन्म के बाद ही महिला को तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया गया जिसके बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने मां और नवजात को लेबर वार्ड में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार किया गया। फिलहाल दोनों की हालत सुरक्षित और स्थिर बताई जा रही है। पर देखा जाए तो ये कोई सामान्य मामला नहीं है जरूरत पड़ने पर एम्बुलेंस का समय पर ना आना जान पर जोखिम भरी बात है, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और जिला प्रशासन को इस पर संज्ञान लेकर कार्यवाही करने के साथ साथ इस समस्या का निदान करने की जरूरत है ताकि भविष्य में किसी को स्वास्थ्य संबंधित समस्या होने पर ऐसी मुसीबत का सामना ना करना पड़े। वहीं इस मामले पर सदर अस्पताल के डी एस डॉ0 ताराशंकर झा से बातचीत में उन्होंने बताया कि यह डायल मामला 108 से संबंधित है, सदर अस्पताल या यहां के कर्मियों की ओर से कोई लापरवाही नहीं, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इस विषय से संबंधित की जानकारी नहीं है।

## ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर होमगार्ड परीक्षा की तिथि बढ़ाई गई

संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा ।** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी अंजली यादव के निर्देशानुसार सामान्य शाखा द्वारा होमगार्ड की शारीरिक जांच में लिखित परीक्षा को लेकर आवश्यक सूचना जारी किया गया। कार्यालय द्वारा जारी निर्देश में कहा गया कि ज्ञापांक 230/सा0 गोड्डा दिनांक 12.03.2026 द्वारा झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गोड्डा जिलान्तर्गत विज्ञापन संख्या 01/2025 के तहत ग्रामीण/शहरी गृह रक्षकों के रुप में नव-नामांकन हेतु शारीरिक जाँच परीक्षा एवं लिखित परीक्षा की संभावित तिथि 17.03.2026 से निर्धारित की गई थी।ईद, सरहुल, रामनवमी एवं वित्तीय वर्ष की समाप्ति के मद्देनजर उक्त निर्धारित तिथि को नव-नामांकन हेतु शारीरिक जाँच परीक्षा एवं लिखित परीक्षा स्थगित की जाती है। गृह रक्षकों के शारीरिक जाँच/लिखित परीक्षा माह-अप्रैल, 2026 को आयोजित की जायेगी। शारीरिक जाँच/लिखित परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी, तिथि, गतिविधियों की समय-सारणी तथा अभ्यर्थियों से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी को 222.godda.nic.in पर अपलोड किया जायेगा।

## पशु मेला सह प्रदर्शनी एवं परिसंपत्ति वितरण समारोह संपन्न

**गोड्डा ।** जिला गव्य कार्यालय परिसर में सोमवार को जिला स्तरीय पशु मेला सह प्रदर्शनी एवं परिसंपत्ति वितरण समारोह 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के पशुपालकों को आधुनिक पशुपालन तकनीकों से अवगत कराना, पशुपालन के क्षेत्र में बेहतर नस्ल के पशुओं को बढ़ावा देना तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण करना था। कार्यक्रम के दौरान पशुपालन विभाग द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से पशुपालकों को उन्नत नस्ल के पशुओं के पालन-पोषण, पशु स्वास्थ्य प्रबंधन, टीकाकरण, संतुलित आहार तथा डेयरी विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। पशु चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों ने पशुपालकों को वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन करने के लिए प्रेरित किया, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि एवं अन्य



जनप्रतिनिधियों द्वारा पशुपालकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। यदि पशुपालन को आधुनिक तकनीक एवं वैज्ञानिक पद्धति से किया जाए तो यह किसानों और ग्रामीण परिवारों के लिए अतिरिक्त आय का सशक्त साधन बन सकता है। इस अवसर पर जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ0 मनोज कुमार सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ0 रवि शंकर, जिला गव्य विकास पदाधिकारी अरविंद कुमार संबंधित विभागों के अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, विभिन्न प्रखंडों से आए पशुपालक, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## ईवीएम वेयरहाउस का किया गया त्रैमासिक निरीक्षण

**गोड्डा ।** उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में सोमवार को पांडूबथान अवस्थित वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में सुरक्षित रखे गए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वीवीपैट की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में वेयरहाउस परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश-निकास व्यवस्था तथा निगरानी प्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया गया। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वेयरहाउस के अंदर और बाहर की निगरानी व्यवस्था की स्थिति की भी समीक्षा की गई। साथ ही यह सुनिश्चित किया कि ईवीएम की सुरक्षा के लिए निर्धारित सभी मानकों और दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है।इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा नियमित रूप से सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा उपकरणों और अभिलेखों की जांच की जाती रहे। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी वैद्यनाथ उरांव, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण तथा निर्वाचन शाखा के कर्मीगण उपस्थित रहे।

## एक दिन की बारिश में मिर्जापुर की मुख्य सड़क बना तालाब

संताल एक्सप्रेस

**बरहड़वा।** प्रखंड क्षेत्र के मिर्जापुर पंचायत में मुख्य सड़क की स्थिति बेहद दयनीय हो गई है. सड़क पर जगह-जगह कचरे का अंबार लगा हुआ है और हाल ही में हुई बारिश के बाद गंदा पानी जमा हो जाने से राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. सड़क पर जलजमाव और गंदगी के कारण क्षेत्र में कई तरह की बीमारियों के फैलने की आशंका भी बढ़ गई है.सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों को हो रही है. स्कूल के आसपास बारिश का पानी जमा हो जाने से सड़क पूरी तरह कीचड़मय हो गई है. कई जगहों पर सड़क का हाल ऐसा हो गया है मानो कोई पोखर



या धान रोपने का खेत हो. ऐसे में बच्चों को स्कूल आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है.स्थानीय लोगों का कहना है कि मात्र एक दिन की बारिश में ही सड़क की ऐसी हालत हो जाना प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है. फोटो में दिखाई देने वाली जगह कोई खेत नहीं, बल्कि मिर्जापुर गांव के अंदर की मुख्य सड़क है. जो लंबे समय से उपेक्षा का शिकार बनी हुई है.ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से जल्द से जल्द सड़क की सफाई कराने तथा जल निकासी की उचित व्यवस्था करने की मांग की है.

## वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**मिहिजाम।** मिहिजाम थाना क्षेत्र के कानगोई चेक नाका के पास सोमवार तड़के हुए एक भीषण सड़क हादसे में लगभग 60 वर्षीय साइकिल सवार की मौत हो गई। बताया जाता है कि किसी अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार में साइकिल सवार को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना मिलते ही मिहिजाम पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को तत्काल जामताड़ा सदर अस्पताल पहुंचाया। हादसे में उसके दोनों पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे। डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर मिहिजाम थाना लाया। इसी दौरान सोशल मीडिया पर घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन थाना पहुंचे और शव की पहचान अंबेडकर नगर निवासी मोती बहादुर के रूप में की।पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है तथा अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## अज्ञात वाहन के धक्के से व्यक्ति की मौके पर मौत

**महागामा ।** प्रखंड थाना क्षेत्र के चुनाचक गांव के समीप सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें अज्ञात वाहन की ठोकर से एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और देखते ही देखते घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चुनाचक गांव के समीप सड़क पर एक व्यक्ति किसी कार्य से जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए और मामले की जानकारी महागामा थाना प्रभारी मनोज पाल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेते हुए जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वाहन काफी तेज रफ्तार में था, जिसके कारण चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर सका और यह हादसा हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर अक्सर तेज गति से वाहन गुजरते हैं, जिससे इस तरह की दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं गांव में भी शोक का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अज्ञात वाहन और उसके चालक की जल्द पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जाए तथा सड़क पर वाहनों की रफ्तार पर नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ-साथ वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## झामुमो प्रखंड समिति की बैठक

**बरहेट/साहिबगंज ।** प्लस टू एसएसडी हाईस्कूल बरहेट के मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड समिति की बैठक प्रखंड अध्यक्ष बर्नार्ड मरांडी की अध्यक्षता में हुई.बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष बर्नार्ड मरांडी



एवं जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू ने सभी बूथ लेवल एजेंट को एसआईआर के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी. उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी. साथ ही आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सभी से एकजुट होकर कार्य करने की अपील की गई.झामुमो प्रखंड सचिव मुजिबुर रहमान ने मंगलवार को आयोजित होने वाली प्रखंड स्तरीय बैठक में सभी बीएलए से अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया.बैठक में लखीराम हेंब्रम, सूनिराम हांसदा, देव सोरेन, एजाज अंसारी, छवि हेंब्रम, रूपक साह, समदा सोरेन, मिराज हक, सुनील सोरेन, संजय सोरेन, रेजाउल रहमान, कौशर अंसारी, बहादुर टुडू, बाबुधन टुडू सहित सभी पंचायतों के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## फरक्का एक्सप्रेस में चढ़ने के दौरान फिसले टीटीआई,मौत

**संताल एक्सप्रेस/ बरहरवा।** मालदा रेल मंडल के बरहरवा रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया. जब चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान एक व्यक्ति फिसलकर ट्रेन की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया.घायल व्यक्ति की पहचान बिहार के मुंगेर जिले के हवेली खरगपुर गांव निवासी प्रकाश मिश्रा (55 वर्ष) के रूप में की गई है.जो रेलवे में टीटीआई (ट्रैवलिंग टिकट इंस्पेक्टर) के पद पर कार्यरत बताए जा रहे हैं.प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रकाश मिश्रा मालदा में टीटीआई के पद पर कार्यरत थे और छुट्टी के बाद वापस ड्यूटी पर लौट रहे थे. बताया जाता है कि वह फरक्का एक्सप्रेस से मालदा जा रहे थे. सोमवार सुबह करीब 9:09 बजे जब ट्रेन बरहरवा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर रुकी. तब वह किसी कारणवश ट्रेन से नीचे उतर गए.इसी दौरान जब ट्रेन चलने लगी तो वह दोबारा चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने लगे.चलती ट्रेन में चढ़ने के क्रम में उनका पैर फिसल गया और वह गिर पड़े. गिरते ही वह ट्रेन की चपेट में आ गए. जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई और वह बुरी तरह घायल हो गए. घटना के बाद प्लेटफार्म पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना रेलवे कर्मियों को दी.प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना की सूचना बरहरवा जीआरपी को दी गई. इसके बाद बरहरवा आरपीएफ कि मदद से घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया. जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.रेलवे प्रशासन की ओर से घटना की सूचना उनके परिजनों को दी गई.जिसके बाद परिजन मौके पर मृतक के बेटे उज्जवल कुमार मिश्रा एवं मृतक के भाई सभी पहुंचे और शव की पहचान प्रकाश मिश्रा के रूप में की. बताया जाता है कि वह 15 मार्च तक छुट्टी पर थे और उन्हें आनंद विहार में सुबह 9:30 बजे ड्यूटी ज्वाइन करनी थी.इसी सिलसिले में वह फरक्का एक्सप्रेस से मालदा की ओर जा रहे थे.घटना के बाद स्टेशन परिसर में शोक और चर्चा का माहौल बना हुआ है.वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई.

## बंद पड़े पैदल पुल की मरम्मत और नई सुविधा की मांग को लेकर डीआरएम को सौंपा गया ज्ञापन

**जामताड़ा।** शहर में लंबे समय से बंद पड़े पुराने पैदल पुल को पुनः चालू कराने की मांग तेज हो गई है। इस संबंध में स्थानीय नागरिकों ने आसनसोल रेल मंडल के डीआरएम के नाम ज्ञापन तैयार कर जामताड़ा स्टेशन प्रबंधक के माध्यम से रेलवे



प्रशासन को सौंपा।ज्ञापन में बताया गया कि पहले इस पुल के जरिए लोग रेलवे लाइन के एक छोर से दूसरे छोर तक आसानी से आ-जा सकते थे, लेकिन काफी समय से पुल को तोड़कर मरम्मत कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। इससे क्षेत्र के लोगों को रोजाना भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है।स्थानीय निवासियों के अनुसार यह इलाका घनी आबादी वाला है, जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में बुजुर्ग, महिलाएं और छात्र-छात्राएं गुजरते हैं। पुल बंद रहने के कारण लोगों को लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है।लोगों ने पुराने पुल की शीघ्र मरम्मत, पाल बगान के सामने नया फुटओवर ब्रिज बनाने और दोपहर में आसनसोल-जसीडीह लोकल ट्रेन चलाने की मांग की है।

## स्कॉर्पियो से टकराई अनियंत्रित बाइक, महिला घायल

**मेहरमा ।** प्रखंड थाना क्षेत्र अंतर्गत गोड्डा- पीरपैंती मुख्य मार्ग पर डोय के पास सोमवार को एक अनियंत्रित बाइक ने स्कॉर्पियो में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मेहरमा थाना प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर के निर्देश पर पुलिस अवर निरीक्षक सन्मुख राम पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस द्वारा घायल महिला को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहरमा लाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहरमा में चिकित्सक डॉ0 सुशांत ने घायल महिला का प्राथमिक उपचार किया। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे मायागंज अस्पताल, भागलपुर रेफर कर दिया गया। घायल महिला की पहचान सावित्री देवी, उम्र लगभग 40 वर्ष, पति संजय यादव, निवासी तुलाराम भुस्का, थाना मेहरमा के रूप में हुई है।

## परगोडीह में तीन दिवसीय नौ कुंडिय गायत्री यज्ञ प्रारंभ

**पोड़ैयाहाट ।** प्रखंड के परगोडीह गांव मे रविवार से तीन दिवसीय 9 कुंडीय गायत्री यज्ञ की शुरुआत हुई। यज्ञ के पहले दिन 10 बजे महिलाओं द्वारा कलश यात्रा कर शुरुआत किया गया। करीब 251



महिलाओ ने कलश यात्रा में शामिल हुईं। कलश यात्रियों ने गांव का भ्रमण किया। हरिद्वार से आये कुबेष प्रसाद सहयोगी द्वारा प्रवचन किया गया आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी समिति के द्वारा सहयोग किया गया जिसमें नरेश साह, दीपू अग्रवाल, अनिरुद्ध कुमार, मनोरंजन कुमार, चमक लाल मंडल, रोशन कुमार, चंदन कुमार, सत्येंद्र मंडल, अभिमन्यु मंडल, लक्ष्मीकांत मंडल, माणिक मंडल, प्रद्युम मंडल, विक्रम मंडल सहित सेकड़ो लोगो ने सहयोग किया।

## जल जीवन मिशन के तहत जगन्नाथपुर सहित विभिन्न गांवों में जल जांच

**नाला (जामताड़ा)।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत नाला प्रखंड के चकनयापाड़ा पंचायत अंतर्गत जगन्नाथपुर सहित विभिन्न गांवों में जल सहिया के द्वारा टेस्टिंग किट के माध्यम से जल परीक्षण किया गया।इस दौरान जल की गुणवत्ता की जांच के लिए पीएच, टर्बिडिटी (मटमैलेपन), टीडीएस, कठोरता, क्लोराइड, क्षारीयता, लौह तत्व, मुक्त क्लोरीन, नाइट्रेट, फ्लोराइड, फॉस्फेट, अमोनिया तथा बैक्टीरियल परीक्षण किया गया।मौके पर जल सहिया निवेदिता चटर्जी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करना और लोगों को शुद्ध जल उपलब्ध कराना है।फोटो - टेस्टिंग किट के माध्यम से जल परीक्षण करती जल सहिया।

## क्रिकेट कैंप को लेकर जामताड़ा में विवाद खिलाड़ियों का हंगामा पुलिस ने संभाला मोर्चा


**जामताड़ा।**आगामी सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारी को लेकर आउटडोर स्टेडियम, जामताड़ा में लगाए गए क्रिकेट कैंप को लेकर सोमवार को विवाद खड़ा हो गया। स्थानीय खिलाड़ियों ने आरोप लगाया कि कैंप की सूचना जिले के खिलाड़ियों को नहीं दी गई और उन्हें प्रवेश से भी वंचित कर दिया गया। इसको लेकर खिलाड़ियों ने मैदान में विरोध जताते हुए हंगामा किया, जिसके बाद सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया।स्थानीय क्रिकेटर आशुतोष दुबे, हेमंत झा, रंजन रावत, बापी दत्ता, सोनू कुमार, निवास मंडल, इफ्तिखार अहमद और वीर भूषण यादव सहित कई खिलाड़ियों ने जिला क्रिकेट संघ पर मनमानी और पक्षपात का आरोप लगाया। खिलाड़ियों का कहना है कि वर्षों से संघ की कार्यप्रणाली पर सवाल उठते रहे हैं, जिससे जिले की प्रतिभाएं प्रभावित हो रही हैं।

## ईद एवं रामनवमी का त्यौहार को लेकर बैठक

**फतेहपुर (जामताड़ा)।** ईद और रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को फतेहपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुंडहित इंस्पेक्टर मिन्हाज आलम ने की। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधि तथा गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान दोनों पर्वों के अवसर पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, आपसी भाईचारा कायम रखने तथा अफवाहों से दूर रहने की अपील की गई। मार, एसआई बृजन राम, एएसआई गोपीनाथ महतो, रामउचित पासवान, किरण बेसरा, प्रभा देवी, अरविंद मंडल, जलालउद्दीन अंसारी, हिदायत मियां, अनाउल अंसारी, मुखिया संतोष टुडू, उमेश्वर मुर्मू, श्रीदाम मरांडी, बिभिषण हेम्ब्रम, बिष्णु मंडल, शिबू पंडित, सुनील मेहरिया, कामेश मंडल सहित अन्य मौजूद थे।

## लोचनी गांव में होगी चैती दुर्गा पूजा, तैयारी जोरों पर

**बसंतराय ।** प्रखंड क्षेत्र में पहली बार चैती दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इसे लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। प्रखंड के डेरमा पंचायत अंतर्गत लोचनी गांव में इस वर्ष से चैती



दुर्गा पूजा की शुरुआत की जा रही है, जिसकी तैयारियां तीव्र गति से चल रही हैं। आयोजन समिति के अनुसार आगामी 19 मार्च से चैती दुर्गा पूजा का शुभारंभ होगा। पूजा के प्रथम दिन से ही श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक अनुष्ठान में प्रख्यात कथा वाचक आचार्य श्री ओमप्रकाश जी महाराज अपने मुखारविंद से भक्तों को देवी भागवत कथा का रसपान कराएंगे। कथा का आयोजन प्रतिदिन संध्या 5 बजे से किया जाएगा।यह आयोजन अष्टभुजा चैती दुर्गा मंदिर समिति, लोचनी के सौजन्य से तथा क्षेत्र के सभी ग्रामीणों के सहयोग से संपन्न होगा। पूजा की शुरुआत 19 मार्च को 1001 कलश के साथ भव्य कलश शोभायात्रा से होगी। यह शोभायात्रा गाजे-बाजे और आकर्षक झांकियों के साथ निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। वहीं आयोजन को लेकर गांव तथा आसपास के क्षेत्रों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।समिति के सदस्य पूजा को भव्य और सफल बनाने के लिए दिन-रात तैयारियों में जुटे हुए हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पहली बार हो रहे इस आयोजन से क्षेत्र में धार्मिक वातावरण और आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलेगा।

## रामनवमी और ईद मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**कर्माटांड़ ।** कर्माटांड़ थाना परिसर में आगामी त्योहारों को भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को कर्माटांड़ थाना परिसर में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से अनुमंडल



पुलिस पदाधिकारी , अंचलाधिकारी , पुलिस इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी के साथ क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक और जनप्रतिनिधि शामिल हुए।प्रशासन ने दी सख्त हिदायतबैठक को संबोधित करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि रामनवमी और ईद दोनों ही त्योहार श्रद्धा और उल्लास के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है। असामाजिक तत्वों और सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।अंचलाधिकारी ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे त्योहारों के दौरान सरकारी गाइडलाइंस का पालन करें। उन्होंने कहा, ÷हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी समुदाय को कोई असुविधा न हो और दोनों त्योहार आपसी प्रेम व सद्भाव के साथ मनाए जाएं।

## इग्नू में नामांकन की तिथि बढ़ी अब 30 मार्च तक भर सकेंगे फॉर्म

**मिहिजाम।** जनजातीय डिग्री कॉलेज, मिहिजाम स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र की समन्वयक डॉ. पूनम कुमारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के जनवरी सत्र 2025 के लिए नामांकन और री-रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 30 मार्च 2026 कर दी गई है।उन्होंने बताया कि यह सुविधा सर्टिफिकेट कोर्स और सेमेस्टर आधारित कार्यक्रमों पर लागू नहीं होगी। इच्छुक छात्र-छात्राएं बीए, एमए, वाणिज्य, ग्रामीण विकास सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।एससी-एसटी वर्ग के विद्यार्थियों को कुछ पाठ्यक्रमों में शुल्क में विशेष छूट भी प्रदान की जा रही है। अधिक जानकारी के लिए छात्र अध्ययन केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

## निर्माण कार्य में हो रही अनियमितता को लेकर नपं अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने जताई नाराजगी

**साहिबगंज ।** पीएम श्री मध्य विद्यालय नया बाजार में निर्माणधीन कंप्यूटर लैब भवन के कार्य में अनियमित्ता देख नगर पंचायत अध्यक्ष केताबुददीन शेख व उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डु ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इसमें बच्चे पठन-पाठन करेंगे और गुणवत्ता में अनियमित बरती जा रही है. इसकी जवाबदेह कौन होंगे. जब इसकी जानकारी प्रखंड शिक्षा प्रकार पदाधिकारी एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक से ली गई. तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण से संबंधित जानकारी उनको नहीं है. कार्य कर रही एजेंसी के माध्यम से भी कोई सूचना पट्ट स्थल पर नहीं लगाया गया है. अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने कहा कि यह बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है. पूरी तरह से लीपापोती किया जा रहा है. इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की जाएगी. अभियंता एवं एजेंसी के विरुद्ध कठोर निर्णय लेने के लिए विभाग को पत्राचार भी किया जाएगा.


## ग्रैंड फायर के साथ स्काउट-गाइड स्वर्ण जयंती रैली का समापन

**चित्तरंजन।** रेलनगरी चित्तरंजन के सुंदर पहाड़ी नॉर्थ स्थित स्काउट डेन परिसर में आयोजित भारत स्काउट एंड गाइड, चित्तरंजन जिला की तीन दिवसीय स्वर्ण जयंती डिस्ट्रिक्ट रैली एवं वार्षिक आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हुआ। समापन समारोह का मुख्य आकर्षण पारंपरिक ग्रैंड फायर रहा, जिसमें स्काउट और गाइड के स्वयंसेवकों ने जोश के साथ भाग लिया।कार्यक्रम में चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) के महाप्रबंधक सह स्काउट-गाइड के संरक्षक मोहित चंद्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि चिरेका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा अंजली अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं। दोनों अतिथियों ने संयुक्त रूप से ग्रैंड फायर का उद्घाटन किया।इस अवसर पर महाप्रबंधक ने स्काउट-गाइड की सेवा भावना, अनुशासन और सामाजिक योगदान की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित भी किया गया।

## पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव बनाम एक तीर से कई शिकार

केंद्रीय चुनाव आयोग ने 15 मार्च रविवार को पांच राज्यों के चुनाव की घोषणा कर दी। देश में पहली बार मात्र 21 दिनों में मतदान की प्रक्रिया पूरी होगी। चुनाव आयोग द्वारा चुनाव कराने की अभी तक की जो प्रक्रिया थी। उसमें मनमाने तरीके से बदलाव करते हुए जिस तरीके से पांच राज्यों के चुनाव घोषित किए हैं। उसके कई अन्य मायने भी माने जा रहे हैं। चुनाव आयोग और सरकार ने एक ही तीर से कई निशाने साधे हैं? चुनाव आयोग के इस निर्णय पर यह कहा जा सकता है, संवैधानिक संस्थाएं अपनी जिम्मेदारी और नैतिकता को भूल चुकी हैं? वह सरकार के इशारे पर ही काम कर रहीं हैं। इसमें सबसे ज्यादा चर्चा न्यायपालिका की हो रही है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने पहली बार 9 से 29 अप्रैल के बीच मात्र 21 दिनों में नामांकन से लेकर मतदान तक की प्रक्रिया पूर्ण कराने का रिकॉर्ड बनाया है। संसद का बजट सत्र चल रहा है। इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। संसद में इसके बारे में चर्चा होनी थी। सांसद एवं विधायक इसी बीच चुनाव घोषित कर दिए गए। चुनाव घोषित होने का प्रभाव यह होगा की सभी राजनीतिक दल, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पांडिचेरी के चुनाव में व्यस्त हो जाएंगे। संसद में सांसदों की उपस्थिति और सक्रियता बहुत कम हो जाएगी। ऐसी स्थिति में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जो प्रस्ताव पेश किया गया है, उस पर भी शायद चर्चा हो पाए। शायद इसी रणनीति को ध्यान में रखते हुए रविवार के दिन चुनाव आयोग ने पांच राज्यों के चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी। पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची अभी तक जारी नहीं हुई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर न्यायपालिका के जज एसआईआर मैं मतदाताओं के नाम जोड़ने के विवाद में सतत जाँच कर रहे हैं। लाखों मतदाताओं के नामों को लेकर जो जाँच चल रही है। वह कब तक पूरी होगी, इसका कोई भरोसा नहीं है। इसके बाद भी चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के चुनाव भी घोषित कर दिए। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले से एसआईआर का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। अभी तक इसकी संवैधानिकता के बारे में सुप्रीम कोर्ट ने कोई फैसला नहीं दिया है। लगभग 1 साल से सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। जिसमें तारीख पर तारीख मिल रही है। इसी बीच चुनाव भी होते चले जा रहे हैं। हाल ही में पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची की जाँच में पश्चिम बंगाल एवं अन्य राज्यों के जजों को लगा दिया गया है। अभी तक मतदाता सूची फाइनल नहीं हुई, उसके बाद भी चुनाव घोषित कर दिए गए। संसद में इस बार एपस्टीन फाइल मे शामिल राजनेताओं के नाम, भारत की विदेश नीति, अमेरिका-इजरायल द्वारा ईरान के युद्ध की स्थिति में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी संकट को लेकर विपक्ष संसद में जो दबाव सरकार पर बना रहा था। चुनाव आयोग द्वारा पांच राज्यों के चुनाव घोषित किए जाने के बाद यह सब मामले ठंडा बस्ते में चले गए हैं।

# मानुष हों तो बनौं प्रभु, झारखंड विधानसभा के विधायक



**श्याम किशोर चौबे**

झारखंड के विधायकों-सांसदों को राजधानी रांची क्षेत्र में मकान बनाने के लिए रियायती दर पर भूखंड उपलब्ध कराने का एक दिलचस्प मामला सामने आया है। राज्य गठन के कुछ अरसा बाद माननीयों को बीस-बीस डिसमिल भूखंड उपलब्ध कराने पर सदन में सहमति बनी थी। वे खुश हुए, लेकिन बात उसी तरह आई-गई हो गई, जैसे उस दौर में सरकारें आई-गई होती थीं। फिर 2010-11 में यह बात तब उठी, जब आईएएस अफसरों के लिए रियायती दर पर भूखंड आवंटन का मामला फाइनल हो गया। अफसरों ने अपना काम साध लिया, माननीयों को छोड़ दिया तो बुरा लगना स्वाभाविक था। इसलिए सोसाइटी बनी और रिंग रोड के निकट कांके अंचल के चुटू मौजा में 35 एकड़ गैरमजरूआ जमीन चिह्नित कर ली गई। 2016 में उसे विधायक-सांसद स्वावलंबी सहकारी समिति के नाम आवंटित कर दिया गया। तबतक 109 माननीयों/पूर्व माननीयों ने इसके लिए तीन-तीन लाख रुपये जमा करा दिये। सांसद-विधायक गृह निर्माण समिति ने 14 अप्रैल 2018 को एक करोड़ 70 लाख 62,500 रुपये जमा करा दिया, तो 1 जून 2018 को सरकार के साथ इकरारनामा हो गया। जमीन हस्तांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई, लेकिन वह प्रक्रियाधीन ही रही। माननीय सब्र किये रहे। प्रायः आठ साल बाद उनका सब्र टूटा, तो वर्तमान व्यवस्था ने 10 मार्च को तय किया कि तीन दिनों के अंदर रजिस्ट्रेशन पोर्टल खोल दिया जाएगा। 13 मार्च को सदन में संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राजफाश किया कि चुटू मौजा में गृह निर्माण समिति को दी जानेवाली जमीन आदिवासियों के कब्जे में है। यह भूखंड 1970-71 में तत्कालीन सरकार द्वारा भूमिहीन आदिवासियों के नाम बंदोबस्त किया गया था। मौजूदा समय में इसमें से 3.30 एकड़ पर रिंग रोड बन चुकी है, तीन एकड़ गड्ढा है, दो एकड़ में मसना है और तीन एकड़ में सात डोभा बने हुए हैं। बाकी जमीन पर वे आदिवासी परिवार काबिज हैं, जिनके नाम दशकों पूर्व इसकी बंदोबस्ती हुई थी। वर्तमान सरकार, विधायकों-सांसदों (पूर्व माननीय भी) के लिए दो महीने में जमीन तलाश लेगी।

बेशक सरकार यह काम कर लेगी लेकिन सवाल उठता है कि 55-56 साल पहले आदिवासियों को बंदोबस्त की गई जमीन की जमाबंदी 2016-18 में रद्द कैसे कर दी थी? संसदीय कार्य मंत्री ने सदन में बताया, तत्कालीन सरकार के दबाव पर अधिकारियों ने यह तत्परता दिखायी। फिर सवाल उठता है, क्या इस कृत्य पर कोई कार्रवाई होगी और उस भूखंड पर काबिज आदिवासियों के नाम पुनः जमाबंदी की जाएगी? गरीबों को घर बनाने के लिए सरकार पौने तीन लाख रुपये देती है, जबकि माननीयों के लिए बीस डिसमिल जमीन और घर बनाने के लिए चार फीसदी ब्याज दर पर चालीस लाख रुपये देने की व्यवस्था है। सवा चार करोड़ के सरकारी बंगलों में रह रहे माननीय आसमान छू रही कीमतों के जमाने में चालीस लाख में घर बना लेंगे, यह संभव नहीं लगता। इसलिए बहुत संभव है कि इसका भी दायरा बढ़ाया जाय। हमारे माननीयों ने भूखंड के लिए प्रायः दो दशक तक सब्र कर अनूठा उदाहरण पेश किया है। उनसे सीख तो लेनी ही चाहिए, आभार भी व्यक्त करना चाहिए। वे विधि-विधान के निर्माता हैं, जब चाहते वह व्यवस्था बना सकते थे, लेकिन सब्र किया।

यह अलग बात है कि कई माननीयों ने इसी राजधानी क्षेत्र में एक नहीं, उससे अधिक आवास हैं। लेकिन सरकारी सुविधा का सवाल है तो लिया ही जाना चाहिए। गुजरे 25 वर्षों में कई माननीयों के रक्त संबंधी भी विधायक बन चुके हैं। इसलिए जो भी चुने गये, सबका बराबर हक बनता है।

विधायक राज्य की और सांसद देश की सेवा करते हैं। इसलिए उनको वे तमाम सुविधाएं मिलनी चाहिए, जिसकी बाकी लोग कल्पना कर सकते हैं। मुख्यमंत्री रहे महानुभावों को तो राजधानी क्षेत्र में आजीवन मुफ्त शानदार आवास की सुविधा दी ही जाती है। प्लॉट मामले में उनका भी हक होगा ही। एक बार तो स्पीकर को भी आजीवन मुफ्त आवास देने की बात उठी थी। पता नहीं क्यों वह परवान न चढ़ सकी।

सेवकाई के बदले अपने माननीयों को क्या मिलता है, एक नजर उस पर भी डाल लेना उचित रहेगा। झारखंड बनने के बाद 2001 तक विधायकों को मासिक लगभग 22 हजार रुपये मिलते थे। इसमें उनकी तनख्वाह महज तीन हजार रुपये थी। तब उनको बेसिक फोन से सालाना 50 हजार मुफ्त कॉल की सुविधा थी। इसके अलावा साल भर में देश भर में रेल, हवाई जहाज या कार से भ्रमण के लिए डेढ़ लाख के कूपन मिलते थे। 2002, 2005, 2008, 2011, 2015 और 2017 में वेतन-भत्तों में बढ़ोतरी के बाद उनको तकरीबन 2,32,500 रुपये मासिक मिलने लगे। इसमें 40 हजार रुपये उनका मूल वेतन है। उस काल के बाद भी वेतनादि बढ़ोतरी की मांग उठाई गई थी। यह भी तय कर दिया गया कि विधायक, मंत्री, मुख्यमंत्री, स्पीकर के वेतनादि के मसले पर विधेयक पारित कराने के बजाय सीधे सरकार के स्तर पर निर्णय ले लिया जाय। इसलिए, बहुत संभव है कि इस बीच और बढ़ोतरी हुई हो। बहरहाल, माननीयों को अब हवाई जहाज, रेल या कार से भ्रमण के लिए, सालाना छह लाख के कूपन मिलते हैं, जिसमें से वे डेढ़ लाख का डीजल पेट्रोल खरीद सकते हैं। इसके अलावा चार प्रतिशत ब्याज दर पर मकान बनाने के लिए 40 लाख और कार खरीदने के लिए 20 लाख तक मिलते हैं।

पूर्व विधायकों को प्रतिमाह 40 हजार रुपये मूल पेंशन की व्यवस्था है, जिसमें साल दर साल चार हजार रुपये की वृद्धि की जाती है। इस प्रकार यदि कोई विधानसभा के एक कार्यकाल तक विधायक रहा तो उसकी पेंशन 60 हजार रुपये होगी। अन्य कार्यकाल में हर साल 4 हजार रुपये की बढ़ोतरी का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त हर साल सफर के लिए चार लाख के कूपन की व्यवस्था है। इस कूपन पर वे अधिकतम चार सहयात्रियों को ले जा सकते हैं। हर महीने दस हजार रुपये चिकित्सा भत्ते के भी वे हकदार हैं।

साथ ही राज्य के किसी भी मान्यताप्राप्त अस्पताल में मुफ्त इलाज की सुविधा है। विधायकों/पूर्व विधायकों को इसके अलावा भी अन्य सुविधाएं हैं। विधायक/पूर्व विधायक के पति/पत्नी या बालिग होने तक नाबालिग संतान को 75 प्रतिशत पेंशन का प्रावधान है। यदि कोई विधायक राज्यसभा या लोकसभा के लिए चुन लिया जाता है, तो उन सदनों की अलग से पेंशन मिलती है। महाकवि रसखान आज होते तो रचते सवैया, मानुष हों तो बनौं प्रभु, झारखंड विधानसभा के विधायक।

## पाकुड़ की खबरें

### आधुनिक तकनीक से खेती कर कनिका दीदी बनीं किसानों के लिए प्रेरणा



संताल एक्सप्रेस पाकुड़ । जिले के महेशपुर प्रखंड के सीतारामपुर गांव की रहने वाली कोनिका कोड़ाइन कभी एक साधारण गृहिणी थीं। उनका अधिकांश समय घर के कामकाज में ही बीतता था। वर्ष 2021 में गांव में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान कोनिका दीदी दीदी सागेन साकाम आजीविका सखी मंडल से जुड़ीं। और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाया।झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के अंतर्गत संचालित जापान इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन एजेंसी परियोजना से जुड़ने के बाद उन्हें सूक्ष्म टपक सिंचाई यंत्र, बर्मी कम्पोस्ट यूनिट तथा पॉली नर्सरी हाउस उपलब्ध कराया गया। प्रारंभ में उन्हें इस तकनीक पर विश्वास नहीं था, लेकिन जे एस एल पी एस द्वारा रांची के ओरमांझी और अनगड़ा प्रखंड में प्रगतिशील किसानों के खेतों का भ्रमण कराने के बाद वे काफी प्रेरित हुईं। कोनिका दीदी ने पहली बार अपने 25 डिसमिल भूमि पर सूक्ष्म टपक सिंचाई के माध्यम से तरबूज की खेती की, जिससे उन्हें लगभग 47,400 रुपये की शुद्ध आमदनी हुई। जनवरी 2026 में उन्होंने अपने एक एकड़ खेत में सूक्ष्म टपक सिंचाई तकनीक से तरबूज और खीरा की खेती शुरू की। वर्तमान में खीरे की तुड़ाई शुरू हो चुकी है और अब तक लगभग 5 क्विंटल खीरा मुरारई और नलहट्टी बाजार में औसतन 65 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेचकर 32,500 रुपये की आमदनी कर चुकी हैं। आज कोनिका दीदी की सफलता न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना रही है, बल्कि क्षेत्र के अन्य किसानों और ग्रामीण महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई है। उनकी कहानी यह दर्शाती है कि सही मार्गदर्शन, आधुनिक तकनीक और दृढ़ संकल्प के साथ खेती को लाभकारी बनाया जा सकता है।

### बारिश से मिट्टी का घर हुआ धराशायी



लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)थाना क्षेत्र के बांडू पंचायत अंतर्गत त्रिकोणी गांव में रविवार देर रात आई तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने एक मिट्टी और चदरा (टीन) से बना घर पूरी तरह धराशायी हो गया। लेकिन कोई भी जाल माल की नुकसान होने की खबर नहीं है।मिली जानकारी के अनुसार रात्रि को अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। देखते ही देखते आंधी ने विकराल रूप ले लिया और सोम किस्कू के कच्चे घर को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत यह रही कि घर गिरने की आहट मिलते ही परिवार के सदस्य समय रहते बाहर निकल आए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया और किसी प्रकार की जाल-माल का नुकसान नहीं हुई।वही ?पीड़ित सोम किस्कू ने बताया कि घर गिरने से उनके घर में रखा अनाज, बर्तन और अन्य जरूरी घरेलू सामान नष्ट हो गया है। उन्होंने बताया कि इस आपदा में उन्हें हजारों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। वर्तमान में उनके पास रहने के लिए कोई सुरक्षित स्थान नहीं बचा है, जिससे पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है।वही पीड़ित परिवार प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे हैं ।

### पाकुड़ में शांति समिति की बैठक

पाकुड़। जिले के मालपहाड़ी ओपी परिसर में आगामी ईद और रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस पदाधिकारियों, स्थानीय प्रतिनिधियों, धार्मिक नेताओं और समिति सदस्यों ने भाग लिया।बैठक के दौरान सभी सदस्यों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए कि दोनों पर्वों को आपसी भाईचारे और सद्भावना के साथ मनाया जाए। किसी भी प्रकार की उत्तेजक गतिविधियों से पूरी तरह परहेज करने की सलाह दी गई। विशेष रूप से डीजे, लाउडस्पीकर या तेज़ संगीत के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। ताकि आसपास के निवासियों को कोई असुविधा न हो।अफवाहों और गलत सूचनाओं के प्रसार को रोकने पर विशेष बल दिया गया। समिति सदस्यों से अपील की गई कि वे सोशल मीडिया या मौखिक रूप से किसी भी भ्रामक जानकारी को साझा न करें और ऐसी स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें।

**डीपीआर रेयाक् पीयर रिव्यू लागित् सेक्टर गाखुड़ियाकोवाक् सूचीबद्धता**

डीपीआर (रेलवे परियोजनाको) रेयाक् पीयर रिव्यू लागित् सेक्टर गाखुड़िया रूप रे सूचीबद्धता बाखरा, गाखुड़ प्रशासनिक ग्रेड (एसएजी) आर से चेतान हुदा खोन कामीजिरावाकान लेकमान आईआरएसई अधिकारीको ठेन खोन दारखास नेवतायेत् काना। **ओका लेकाको दारखासा:** मोने मेक्नाक् आर लेकआन अधिकारी निट आकात् प्रारूप रे सीवी सांवते सुहीयाकात् दारखास दो **caoconrer27400@gmail.com** रे ईमेल दाराय तेको कोल से सीएओ/कॉन रेयाक् कॉर्यालय, पूर्व रेलवे, 14, स्ट्रैंड रोड, एनकेजी बिल्डिंग (4थी मंजिल), कोलकाता-700001 रेयाक् ठिकाना रेको कोलमा। **दारखास जामाय रेयाक् मुचात् तारीक:** 02.04.2026 (16.00 बजे)। पूर्व रेलवे रेयाक् आधिकारिक वेबसाइट **(https://er.indian railways.gov.in)** रे बेबोसता मेनाक् बानाडाय लेका रे नेयोम लेकाते पेरेच् आर सुही आकात् दारखास आर जारूड़ोक्आक् कागोचको सालाक् ते जामाय लेक काना।

**उप मुख्य अभियंता/कॉन/जी/कोलकाता**

**पूर्व रेलवे**

नोंडे पांजालेपे: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### पत्थर खदान का बड़ा हिस्सा जमींदोज, मजदूरों के दबने की आशंका



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़ । सोमवार के सुबह जिला मुख्यालय स्थित झारखंड बंगाल सीमा पर मालपहाड़ी थाना क्षेत्र के कानूपुर गांव के समीप एक पत्थर खदान के ऊपरी हिस्से पर जमा मिट्टी और मलबे का बड़ा हिस्सा अचानक पत्थर खदान में वापस गिर जाने से वहां काम कर रहे मजदूर इसके चपेट में आ कर दब जाने की आशंका है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हादसे के समय खदान में करीब तीन से आठ मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान रात को हुई बारिश से नमी पाकार भीगी मिट्टी और चट्टाननुमा मलबे का बड़ा ढेर नीचे गिर गया। घटना के बाद कई मजदूरों के दबने और तीन से पांच मजदूरों की मौत की आशंका जताई जा रही है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है । स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि लंबे अर्से से अवैध खनन का कार्य चल रहा है । झारखंड की सीमा से सटे इस क्षेत्र में चल रहे खनन की सूचना कई बार जिला प्रशासन को दी गई । किंतु समय रहते जिला प्रशासन ने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया। फल स्वरुप आज इतनी बड़ी घटना घटित हुई है। दूसरी ओर, खदान प्रबंधन ने इसे बंगाल क्षेत्र का घटना बताया है ।प्रबंधकों के अनुसार जहां मिट्टी का ढेर गिरा, वह हिस्सा भी बंगाल की सीमा में आता है। ऐसे में घटना स्थल की वास्तविक स्थिति जांच के बाद ही पता चल पाएगा। ग्रामीणो ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद खदान में लगे बड़े बुलडोजर से मलबा हटाने का काम शुरू कर दिया गया और शवों को वहां से जल्दबाजी कहां ले जाया गया स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। उल्लेखनीय है कि पहले भी जिला प्रशासन के निर्देश पर टास्क फोर्स की टीम ने उक्त क्षेत्र का निरीक्षण किया था। बावजूद खनन कार्य जारी था, इस पर प्रशासनिक निगरानी पर उंगली उठाना लाज़मी है । जिला प्रशासन लगातार निगरानी बनाए हुए हैं।यदि मजदूरों की मौत सही साबित होती है तो अवैध खनन और प्रशासनिक उदासीनता

### कैलाश नगर में जल जमाव से जनजीवन अस्त-व्यस्त जलजमाव प्रभावित क्षेत्र का किया गया विस्तृत निरीक्षण

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़ । सोमवार को नगर परिषद क्षेत्र के कैलाश नगर में जलजमाव से प्रभावित इलाके का निरीक्षण करने नगर परिषद के अध्यक्ष शबरी पाल, उपाध्यक्ष राणा ओझा तथा वार्ड पार्षद निभा देवी ने पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों को बताया कि कैलाश नगर में हल्की बारिश होने पर ही बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। बारिश का पानी सड़कों और गलियों में जमा होकर धीरे-धीरे लोगों के घरों के अंदर तक प्रवेश कर जाता है, जिससे घरेलू सामान और दैनिक जीवन दोनों प्रभावित होते हैं। कई बार स्थिति ऐसी हो जाती है कि लोग घर से बाहर निकलने में भी असमर्थ हो जाते हैं। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गंदगी और बदबू की समस्या भी बढ़ जाती है।जनप्रतिनिधियों ने लोगों को आश्वासन दिया कि नगर परिषद उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जलजमाव की समस्या का



स्थायी समाधान निकालने की दिशा में प्रयास करेगा।नगर परिषद अध्यक्ष शबरी पाल ने कहा कि कैलाश नगर में जलजमाव की समस्या काफी समय से बनी हुई है और यह वास्तव में गंभीर विषय है। उन्होंने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए नगर परिषद की बोर्ड बैठक में विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा और विशेषज्ञों से सलाह लेकर स्थायी समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।उन्होंने कहा कि फिलहाल तत्काल राहत देने के लिए सफाई पर्यवेक्षक को जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।वहीं वार्ड पार्षद निभा देवी ने कहा कि कैलाश नगर में जलजमाव की समस्या अत्यंत विकराल रूप ले चुकी है ।लगभग चार महीने तक यह इलाका जलमग्न रहता है, जिससे लोगों का सामान्य जीवन पूरी तरह प्रभावित हो जाता है। जलजमाव की समस्या को लेकर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से भी बातचीत की जाएगी, ताकि स्थायी रूप से जल निकासी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।निभा देवी ने यह भी कहा कि वह वार्ड के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर और प्रतिबद्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली, सफाई, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी अपील की कि वे विकास कार्यों में सहयोग करें, ताकि मिल-जुलकर कैलाश नगर को स्वच्छ, सुरक्षित और विकसित क्षेत्र बनाया जा सके।

### उपाध्यक्ष ने किया विभिन्न वार्डों का निरीक्षण

पाकुड़। सोमवार को नगर परिषद के उपाध्यक्ष राणा ओझा ने किशना कालोनी वार्ड नंबर 5 का ओचक निरीक्षण कर साफ-सफाई, नालों की स्थिति और सड़कों की हालत का जायजा लिया। उनके साथ नगर परिषद के कर्मी भी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने कई जगह नालों में जमा कचरा और गंदगी देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर ही नगर परिषद के कर्मियों को निर्देश दिए कि नालों की नियमित सफाई की जाए ताकि पानी का बहाव सही तरीके से हो और लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो।राणा ओझा के आदेश पर कई स्थानों पर तुरंत नालों की सफाई कराई गई और सड़कों पर फैली गंदगी को हटाकर साफ-सफाई कराई गई।उपाध्यक्ष ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना नगर परिषद की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपाध्यक्ष ने नगर परिषद के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे साफ-सफाई व्यवस्था को नियमित बनाए रखें और वार्डों में समय-समय पर निरीक्षण करते रहें ताकि शहर हमेशा साफ-सुथरा और व्यवस्थित रहे।

### स्वागत समारोह का आयोजन



साहिबगंज- साहिबगंज नगर परिषद कार्यालय में सोमवार को दोपहर दो बजे झारखंड लोकल बॉडिज इम्पलाइज फेडरेशन के द्वारा नवनिर्वाचित नगर परिषद के अध्यक्ष रामनाथ पासवान, उपाध्यक्ष विनिता देवी व सभी वार्ड पार्षद के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में नप अध्यक्ष,उपाध्यक्ष समेत सभी वार्ड पार्षदों का स्वागत कर्मचारियों ने पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र देकर किया. कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद के अध्यक्ष रामनाथ पासवान, उपाध्यक्ष विनीता देवी, कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, सिटी मैनेजर रवि कुमार डा. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया. मौके पर कर्मचारियों ने ईओ व सिटी मैनेजर का भी स्वागत किया. इसके बाद मौके पर उपस्थित 28 वार्ड पार्षदों का स्वागत नप के कर्मचारियों ने बूके व अंक वस्त्र देकर किया.वही कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली नगर परिषद के महिला सफाई कर्मचारी व एनयूएलएम के महिला सदस्यों को नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान, उपाध्यक्ष विनिता देवी,नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया.मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान, उपाध्यक्ष विनिता देवी,नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह, सिटी मैनेजर रवि,वार्ड पार्षद सुशील भरतिया, संजू देवी, रौशन कुमारी, बेबी खातून, सुनीता सिन्हा, रश्मि चोखानी, रिफत परवीन, पार्वती देवी, रंजीत कुमार साह,चमरू उरांव ,आरती कुमारी, नगर परिषद के कर्मचारी सुमन कांत झा, शिव कुमार हरि, सरवरी खातुन, रतना गुप्ता,प्रिंस कुमार ,मणि प्रकाश सिन्हा, भोला पासवान, विष्णु कुमार, मुन्ना सिन्हा,सोनू हरि सहित दर्जनों कर्मचारी मौजूद थे.

### 10 लोगों के डिमांड ड्राफ्ट जमा करने के बावजूद नहीं हुई आम पेड़ों की बंदोबस्ती

संताल एक्सप्रेस संवाददाता राजमहल- राजमहल प्रखंड परिसर स्थित आम के पेड़ों की डाक बंदोबस्ती के लिये दूसरी बार बोली सोमवार को प्रखंड सभागार में प्रभारी बीडीओ सह सीओ मो यूसुफ की उपस्थिति में किया गया. डाक की बंदोबस्ती में डाक वक्ताओं द्वारा बोली लगाई जानी थी. लेकिन दूसरे मौके पर आयोजित डाक बंदोबस्ती में 10 वक्ताओं ने 50 हजार रुपया का डिमांड ड्राफ्ट प्रखंड कार्यालय में जमा देने के बावजूद बंदोबस्ती में भाग नहीं लिया. सभी वक्ताओं ने बारिश के कारण आम के मंजरी के प्रभावित होने की बात कह कर बोली में हिस्सा नहीं लेने की बात कही. सभी वक्ताओं ने कार्यालय में आवेदन देकर डिमांड ड्राफ्ट वापस करने की मांग की. मौके पर अंचल कर्मी हरिनंदन भगत, नन्दन प्रमाणिक, रितेश साहा, संतोष हजारी, मो सैदुल, राजेश साहा, इब्राहिम आलम, मो सोहेल, नीतीश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे. बताया जाता है कि 10 मार्च को नारियल एवं आम पेड़ों की बंदोबस्ती होना था परंतु बीडीओ सह सीओ किसी कारण जिला में रहा.इसलिए नहीं हुआ और 14 मार्च को बुलाया गया. इस बीच में वर्षा हो जाने के कारण ड्रॉप दाताओं ने आवेदन देकर बताया कि पेड़ों से मंजर झर जाने के कारण 50 हजार की बोली से कम किया जाए फिर पुनः 16 तारीख को बैठक बुलाया गया जिसमें सभी ड्रॉप दाताओं ने इस बीच में फिर वर्षा होने के कारण आम पेड़ों को लेने से मना कर दिया.

### बेमौसम बारिश से गेहूं की फसल पूरी तरह नष्ट




लिट्टीपाड़ा (पाकुड़) रविवार देर रात आई तेज आंधी और बेमौसम बारिश ने किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया। अचानक बदले मौसम ने रबी फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। तेज हवा और बारिश के कारण खेतों में खड़ी गेहूं की फसल पूरी तरह गिर गई, जिससे किसानों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है।किसानों के अनुसार गेहूं की फसल पककर तैयार थी और कुछ ही दिनों में कटाई शुरू होने वाली थी। लेकिन देर रात चली तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने फसल को खेतों में ही धराशायी कर दिया। कई खेतों में गेहूं की बालियां जमीन पर बिछ गई हैं, जिससे उपज पर गंभीर असर पड़ने की आशंका है। इसके अलावा सरसों और चना की फसल को भी इस बेमौसम बारिश से भारी क्षति हुई है। लेटबाड़ी, बलरामपुर के किसान सुषेण मंडल, दीनानाथ मंडल, गणेश मंडल, श्रवण मंडल और मोहन साहा आदि ने कहा कि इस वर्ष अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन अचानक आई आंधी और बारिश ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। किसानों ने बताया कि खेतों में गिरी फसल को संभालना अब मुश्किल हो गया है और इससे भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है।प्रभावित किसानों ने प्रशासन से फसल क्षति का सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है, ताकि नुकसान झेल रहे किसानों को राहत मिल सके।

### पाकुड़ में मनाया गया बाहा पर्व



संताल एक्सप्रेस पाकुड़। पाकुड़ केकेएम कॉलेज के आदिवासी कल्याण बालक छात्रावास परिसर में हर्षोल्लास के साथ बाहा पर्व मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आदिवासी छात्र-छात्राएं और समाज के लोग शामिल हुए।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मसीह मरांडी ने सभी उपस्थित लोगों को पर्व की बधाई दी। उन्होंने बाहा पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व पूरी तरह से प्रकृति से जुड़ा है। और हमें प्रकृति की रक्षा का संदेश देता है। उन्होंने आपसी भाईचारे के साथ रहने की सीख पर भी जोर दिया । इसके पूर्व नायकी छोटू मरांडी, कुडाम नायकी राजेन मरांडी और गुडीत बड़का मुर्मू ने परंपरागत तरीके से जाहेर थान की पूजा-अर्चना की। इसके बाद नायकी और कुडाम नायकी ने सखुआ के फूलों की पूजा की। उपस्थित अतिथियों, महिलाओं और पुरुषों को सखुआ के पुष्प भेंट किए गए।इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे पर पानी छिड़क कर बाहा पर्व का आनंद लिया। आदिवासी छात्र-छात्राओं सहित अन्य स्थानों से आए आदिवासी समाज के लोग मांदर की थाप पर घंटों झूमते रहे।बाहा पर्व के अध्यक्ष अंशु टुडू ने बताया कि यह पर्व फागुन के दूसरे सप्ताह में मनाया जाता है। प्रकृति के नियमानुसार, पेड़ों पर नए पत्ते आने की शुरुआत में इस पर्व का आयोजन होता है। यहीं से आदिवासी संथाल समुदाय के लोग बाहा पर्व की शुरुआत करते हैं। इसमें सखुआ के फूल का विशेष महत्व होता है। मौके पर पर सीबू टुडू, कमल मुर्मू, नवीन हसदा, अंशु टुडू, नवीन सोरेन, जैसन सोरेन, सबीना मुर्मू, रेनू मरांडी, पूनम हेंब्रम, अजय हेंब्रम, रोजत मरांडी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### आदिवासी समाज के विभिन्न मुद्दों को लेकर आदिवासी सेंगेल अभियान की हुई बैठक



संताल एक्सप्रेस महेशपुर (पाकुड़ )आदिवासी सेंगेल अभियान के जिला अध्यक्ष लोबिन मरांडी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें आदिवासी समाज को बचाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।सेंगेल अभियान केंद्रीय संयोजक लुखिनारायान किस्कू ने कहा कि आदिवासी समाज को बचाने के लिए हमें हर आदिवासी बहुल क्षेत्र से या आदिवासी गांव से, पूर्व सांसद सालखन मुर्मू के अगवाई में आदिवासी समाज से बुलूक/नशापान/रुमुक/अंधविश्वास/डान/डयान प्रथा डांडोम/जाबरण जुर्माना/बरोन सामाजिक बहिष्कार महिला विरोधी मानसिकता को खत्म करने का मार्ग प्रशस्त करने का संकल्प लिया गया।उन्होंने कहा कि आदिवासी सेंगेल अभियान में लोगों को जुड़ने का काम को तेज करना होगा और झारखंड में संथाली राजभाषा बनाना और सरना धर्म कोड को लेना होगा। बैठक में सोलेमान किस्कू, रुबिलाल किस्कू, सोनातन हेंब्रम, रामजित टुडू, गोमोस्ता टुडू, मदन मुर्मू, कोमल सोरेन आदि उपस्थित थे।

### हिरणपुर में शांति समिति की बैठक आयोजित

हिरणपुर (पाकुड़) थाना परिसर में रामनवमी और ईद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर को शांति समिति की बैठक सीओ मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ टुडू दिलीप,थानाध्यक्ष विनय कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सीओ ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों एवं शांति समिति के सदस्यों से रामनवमी और ईद पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश देते हैं, इसलिए सभी लोगों को मिलजुलकर इसे शांतिपूर्वक मनाना चाहिए। वही थानाध्यक्ष ने कहा कि पर्व -त्यौहार सामाजिक एकता का प्रतीक है इसे मिल जुल कर मनाए। साथ ही कहा कि अफवाहों पर ध्यान न देने और न किसी भी विवाद या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस-प्रशासन को दे। पर्व त्यौहार में कम साउंड में डीजी बजाने एवं भड़काऊ गाना पर पाबंदी रहेगी।

# देवघर में साइबर ठगों के गिरोह का पर्दाफाश, 06 आरोपी गिरफ्तार

## फर्जी कस्टमर केयर बनकर लोगों से करते थे ऑनलाइन ठगी



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** जिले में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छह साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसपी सौरभ के निर्देश पर और पुलिस उपाधीक्षक राजा कुमार मित्रा के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार आरोपी लोगों को फर्जी कस्टमर केयर बनकर झांसा देकर ऑनलाइन ठगी करते थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मोहनपुर थाना क्षेत्र के पाथरौल थाना अंतर्गत लेड़वा गांव में एक अर्धनिर्मित पक्का मकान में कुछ लोग बैठकर साइबर ठगी का धंधा चला रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान छह लोगों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि आरोपी फर्जी फ्लिपकार्ट और अमेजन कस्टमर केयर, एयरटेल पेमेंट बैंक अधिकारी बनकर लोगों को फोन करते थे। इसके अलावा गूगल पर फोनपे कस्टमर केयर के नाम से फर्जी मोबाइल नंबर डालकर लोगों को कॉल करने के लिए प्रेरित करते थे। जब लोग सहायता के लिए संपर्क करते थे तो उन्हें विभिन्न बहानों से झांसे में लेकर ऑनलाइन ठगी कर ली जाती थी। पुलिस के अनुसार आरोपी कैशबैक का लालच देकर फोनपे और पेटीएम गिफ्ट कार्ड बनवाते थे और उसे तुरंत रिडीम कर लेते थे। वहीं एयरटेल पेमेंट बैंक कार्ड बंद हो जाने की बात कहकर लोगों को एयरटेल थैंक्स ऐप के माध्यम से प्रक्रिया कराने के नाम पर भी ठगी की जाती थी। इसके अलावा पीएम किसान योजना, एसबीआई क्रेडिट कार्ड और लोन दिलाने के नाम पर लिंक भेजकर लोगों को जाल में फंसाया जाता था। गिरफ्तार आरोपियों में सूरज कुमार दास, बिरेन्द्र कुमार दास, अरुण कुमार दास, डब्लू दास, संदीप कुमार दास और अजय कुमार दास शामिल हैं। सभी आरोपी देवघर जिले के पाथरौल थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के रहने वाले हैं।

छापेमारी के दौरान आरोपियों के पास से आठ मोबाइल फोन और नौ सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। पुलिस इन मोबाइल और सिम कार्ड के आधार पर गिरोह के अन्य सदस्यों और ठगी के मामलों की जांच कर रही है। इस कार्रवाई में साइबर थाना और पाथरौल थाना की पुलिस टीम शामिल थी। पुलिस का कहना है कि जिले में साइबर अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और ऐसे गिरोहों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# देवघर : सिर कटा शव मिलने से सनसनी



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** रिखिया थाना क्षेत्र के ठाढी गांव में सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति का सिर कटा शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने शव देखे जाने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रिखिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है और आसपास के क्षेत्रों में भी जांच की जा रही है।

## सीएचसी में स्वास्थ्य कर्मियों को मिला प्रशिक्षण

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) देवीपुर के सभागार में स्वास्थ्य कर्मियों के लिए NCD App से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य गैर-संचारी रोगों से पीड़ित मरीजों का डिजिटल पंजीकरण, स्क्रीनिंग एवं नियमित फॉलो-अप को बेहतर बनाना है, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी और व्यवस्थित बनाया जा सके।

## नाम परिवर्तन

मैं बेल भद्र मण्डल, पिता,- डहरु मण्डल, निवासी- डोमनाटांड, पो+थाना- मारगोमुण्डा, मधुपुर, देवघर झारखंड, सूचित करता हूँ कि मेरी एलआईसी पॉलिसी (संख्या-522284025) के बॉन्ड में मेरा नाम त्रुटिवश भद्री मण्डल अंकित हो गया है। मेरे आधार (2813 1844 7808) और अन्य दस्तावेजों में सही नाम बेलभद्र मण्डल है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

## देवघर प्रीमियर लीग-13 का मेगा ऑक्शन



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवघर जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाले क्रिकेट के महाकुंभ देवघर प्रीमियर लीग-13 के लिए मेगा ऑक्शन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में देवघर के नवनिर्वाचित महापौर रवि राउत एवं ध्रुव सिंह उपस्थित रहे। ऑक्शन में बल्लेबाज,गेंदबाज, विकेटकीपर और ऑलराउंडर श्रेणी के लगभग 200 खिलाड़ियों पर पांच टीमों–पिंक पैंथर,ऑरेंज लायंस,ब्लैक रॉयल्स,ब्लू रॉकर्स और ब्राउन बियर–ने अपनी-अपनी रणनीति के अनुसार बोली लगाकर खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया। कार्यक्रम में जिला क्रिकेट संघ के सचिव विजय झा,कार्यकारी अध्यक्ष के. ठाकुर सहित संघ के अन्य सदस्य राजेश कुमार,अतिकुर रहमान,आलोक राजहंस,राकेश पाण्डेय,मान्ना, अभय गुप्ता,अनिल झा,नीरज सिन्हा, लाली,अभिषेक कुमार और सोनू गुप्ता उपस्थित थे। इस वर्ष लीग में पांच टीमें भाग ले रही हैं। ब्राउन बियर के फ्रेंचाइजी मोहित मिश्रा व आइकॉन राजा,पिंक पैंथर के राहुल मिश्रा व गौरव झा,ब्लैक रॉयल्स के किशन फलारी व परवेज शेख,ऑरेंज लायंस के बम-बम झा व जुनैद तथा ब्लू रॉकर्स के शिवम सिंह व आइकॉन स्वागत मौजूद रहे। महापौर रवि राउत ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे आगे और ऊंचाई तक पहुंचाने की कामना की। सभी मैच स्थानीय कमलकांत नरौने स्टेडियम में खेले जाएंगे।

## 20 मार्च को मनाया जाएगा विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** प्रत्येक वर्ष 20 मार्च को विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर एक माह का ओरल स्क्रीनिंग माह भी मनाया जाता है। इसके तहत भारत सरकार हर दो वर्ष के लिए एक स्लोगन निर्धारित करती है,जिसके आधार पर पूरे देश में एक माह तक ओरल स्क्रीनिंग और जागरूकता अभियान चलाया जाता है। इस वर्ष का स्लोगन स्वस्थ मुंह, स्वस्थ जिंदगी रखा गया है। भारत सरकार के निर्देश के आलोक में झारखंड सरकार के निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा राज्य के सभी सिविल सर्जन और जिला एनसीडी नोडल पदाधिकारियों को पत्र जारी किया गया है, जिसकी प्रतिलिपि सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (एनओएचपी) को भी भेजी गई है। पत्र के अनुसार 14 मार्च से 19 मार्च तक सभी स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों और कर्मचारियों का ओरल स्क्रीनिंग अनिवार्य किया गया है। वहीं 20 मार्च को विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक और संगोष्ठी के माध्यम से लोगों को मुंह और दांत से संबंधित बीमारियों की रोकथाम के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके बाद 21 मार्च से 14 अप्रैल तक अस्पतालों में आने वाले सभी मरीजों का ओरल स्क्रीनिंग किया जाएगा।

## यूजी सेम-5 प्रोजेक्ट परीक्षा वायवा सम्पन्न



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के अंतर्गत यूजी सेमेस्टर-5 (सत्र 2022-24) की छात्राओं के प्रोजेक्ट वर्क का वायवा परीक्षा एनईपी-2020 के तहत शांतिपूर्ण वातावरण में आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में रमा देवी बाजला महिला महाविद्यालय, देवघर में विभिन्न विषयों की छात्राओं का प्रोजेक्ट वायवा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान, संस्कृत, हिन्दी, वाणिज्य एवं समाजशास्त्र विषयों की छात्राओं ने अपने-अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों के लिए बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति की गई थी। राजनीति विज्ञान विषय के लिए डॉ. सिकन्दर कुमार दास (सहायक प्राध्यापक, देवघर महाविद्यालय), हिन्दी विषय के लिए डॉ. रंजीत कुमार वर्णवाल, संस्कृत विषय के लिए डॉ. भारती प्रसाद तथा वाणिज्य विषय के लिए अजित मंडल और मोहम्द हुसैन शेख बाह्य परीक्षक के रूप में उपस्थित रहे। वहीं आंतरिक परीक्षक के रूप में महाविद्यालय के शिक्षकों ने भी अपनी भूमिका निभाई। इनमें डॉ. पी.सी. दास एवं डॉ. किसलय सिन्हा (राजनीति विज्ञान), रजनी कुमारी (हिन्दी), डॉ. नृपांशु लता (संस्कृत), डॉ. प्रीति कुमारी (वाणिज्य) तथा सुनिला एक्का (समाजशास्त्र) शामिल थीं।

## देवघर में 2 से 4 अप्रैल तक 10वीं राष्ट्रीय जूनियर सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** स्व0 बाबू बेदानंद सिंह एवं स्व0 इंदू देवी की स्मृति में 10वीं राष्ट्रीय जूनियर सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 2 अप्रैल से 4 अप्रैल 2026 तक कमल कांत नरोने स्टेडियम,देवघर में किया जाएगा। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में झारखंड की मेजबानी में देश के विभिन्न राज्यों की टीमें भाग लेंगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए देवघर जिला सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने बताया कि इस तरह की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन जिले के लिए गर्व की बात है। इससे स्थानीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ खेलने और अपने खेल कौशल को निखारने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। इस मौके पर जिला सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ के संरक्षक विजय प्रताप सनातन, राजीव सिंह, नीलेश सिंह और अभिजीत सिंह भी उपस्थित थे। वहीं झारखंड सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ के महासचिव संजीव कुमार झा ने बताया कि प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग (अंडर-19) की राष्ट्रीय जूनियर टीमें हिस्सा लेंगी।

## विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन




**मधुपुर ।** नगर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस बस्ती स्थित गांधी मैदान मीना बाजार में सर्व सनातन हिंदू समाज के तत्वावधान में भव्य विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सर्व सनातन हिंदू समाज, सरस्वती बस्ती, सुभाष बस्ती और गोकुलधाम बस्ती के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। सम्मेलन में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी, समाजसेवी एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक विधि-विधान के साथ हवन-पूजन के माध्यम से किया गया, जिससे पूरे परिसर में आध्यात्मिक माहौल और उत्साह का संचार हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन रामअचल जी और पंचानन पांडेय जी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजक मुकेश कुमार, सह-संयोजक संजय कुमार मंडल, सचिव प्रकाश चमड़िया, कोषाध्यक्ष विजय श्रीवास्तव सहित विनय वर्मा, विवेक मिश्रा, नीलू शर्मा, मनोज साव, बिपिन कुमार, मदन मोहन मिश्रा, श्रीकांत, प्रवीण, प्रभाकर, निखिल, घनश्याम चौधरी, जयराज, विवेक कुमार यादव, राजेश कुमार, सागर, संतोष भगत, बैजनाथ रजक, हरिश्चंद्र, सुनीता आर्या, प्रकाश पंडित, अशोक गोंड, सत्यनारायण रवानी, राजेश कुमार दास, अजय सिंह, बालकृष्ण चौधरी, रमन सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही।

## लायंस क्लब चुनाव को लेकर मधुपुर में बढ़ी सरगर्मी



**मधुपुर ।** लायंस क्लब इंटरनेशनल जिला 322 के वर्ष 2026-27 सत्र के लिए सेकेंड वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पद के चुनाव को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में पीएमजेएफ लायन सुजीत कुमार मधुपुर पहुंचे, जहां उन्होंने लायंस क्लब यूनिटी के सदस्यों के साथ बैठक कर आगामी चुनाव को लेकर चर्चा की और अपने पक्ष में समर्थन की अपील की। मधुपुर पहुंचने पर लायंस क्लब यूनिटी के सदस्यों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान जोन चेयरपर्सन लायन शौकत नाज, लायन हेमंत नारायण सिंह उर्फ मोती सिंह, लायन प्रिंस समद, लायन संजय शर्मा तथा लायन रामचंद्र झा सहित कई सदस्य मौजूद रहे। बैठक के दौरान क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों ने लायन सुजीत कुमार द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया। जोन चेयरपर्सन लायन शौकत नाज ने बताया कि लायन सुजीत कुमार के सहयोग से ही मधुपुर में दो वाटर फिल्टर मशीन उपलब्ध कराई गई, जिससे शहर के आम लोगों को शुद्ध पेयजल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्य को सफल बनाने में समाजसेवी माधव लखोटिया का भी अहम योगदान रहा है। इस पहल से बड़ी संख्या में लोगों को राहत मिली है और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में यह एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

## घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने की जिला प्रशासन से मांग

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा,झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार, देवघर जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह जिला इंटक के कार्यकारिणी की सदस्य प्रमिला देवी एवं जिला इंटक की महासचिव पूजा देवी ने घरेलू गैस सिलेंडर के हो रहे व्यावसायिक उपयोग पर अविलंब रोक लगाने की मांग देवघर जिला प्रशासन से की है। इंटक के नेताओं ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर केवल घरेलू उपयोग के लिए निर्धारित है, मगर इसका व्यावसायिक उपयोग कर कई प्रतिष्ठानों द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। इंटक के नेताओं ने कहा कि एक तो वैसे ही घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और दूसरी तरफ इसका कई प्रतिष्ठानों द्वारा व्यावसायिक उपयोग करना निश्चित रूप से घरेलू गैस का उपयोग करने वालों को परेशानी में डालने वाला है।

## ईद को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस ने लागू की वन-वे व्यवस्था



**मधुपुर ।** ईद की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ सुबह से ही बाजारों में उमड़ रही है। शहर के प्रमुख बाजारों और चौक-चौराहों पर लगातार बढ़ती भीड़ के कारण यातायात व्यवस्था पर भी दबाव बढ़ गया है। भीड़ और जाम की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मधुपुर थाना पुलिस ने शहर में अस्थायी रूप से वन वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू कर दी है। सोमवार को इंस्पेक्टर इंचार्ज सह थाना प्रभारी संतोष गुप्ता के निर्देश पर पुलिस बल ने गांधी चौक सहित शहर के प्रमुख मार्गों पर बैरियर लगाकर वन वे नियम का सख्ती से पालन कराना शुरू कर दिया। पुलिसकर्मी विभिन्न चौक-चौराहों पर तैनात होकर वाहनों को निर्धारित दिशा में चलने के लिए मार्गदर्शन कर रहे हैं, ताकि बाजार में आने-जाने वाले लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके। इसके साथ ही लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि ईद के अवसर पर बाजारों में भीड़ और बढ़ने की संभावना है, इसलिए यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है।

## ईद की तैयारियों में जुटे लोग



**मधुपुर।** पवित्र रमजान माह के अंतिम दिनों में ईद की तैयारियों को लेकर मधुपुर शहर के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। शहर के हाजी गली स्थित काजल फैशन समेत आसपास की कई दुकानों पर कुर्ता-पायजामा की खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह से देर रात तक दुकानों में खरीदारों की चहल-पहल बनी हुई है। ईद पर्व को लेकर लोग अपने और अपने परिवार के लिए नए कपड़ों की खरीदारी में जुटे हुए हैं। विशेष रूप से युवाओं और बच्चों में कुर्ता-पायजामा, पठानी सूट और डिजाइनर कुर्तों की मांग अधिक देखी जा रही है। हाजी गली बाजार में स्थित दुकानों पर विभिन्न रंगों और डिजाइनों के कुर्ता-पायजामा की आकर्षक श्रृंखला उपलब्ध है, जिसे खरीदने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि जैसे-जैसे ईद नजदीक आ रही है, ग्राहकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। दिन के साथ-साथ शाम के समय भी बाजार में काफी भीड़ देखी जा रही है। रोजेदार लोग इफ्तार के बाद बड़ी संख्या में खरीदारी के लिए बाजार पहुंच रहे हैं, जिससे देर रात तक दुकानों में रौनक बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल की तरह इस बार भी ईद को लेकर बाजारों में खास उत्साह है। लोग अपने पसंदीदा कपड़ों की खरीदारी कर ईद की खुशियों को यादगार बनाने की तैयारी कर रहे हैं। वहीं बाजार में बढ़ती भीड़ को देखते हुए दुकानदार भी ग्राहकों की सुविधा के लिए देर रात तक दुकानें खुली रख रहे हैं।

# डंपिंग यार्ड की बदहाल व्यवस्था पर मेयर ने जतायी नाराजगी, दोषी कर्मियों पर होगी कार्रवाई



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** नगर निगम के महापौर रवि राउत ने सोमवार को पछीयारी कोठी स्थित नगर निगम के कूड़ा निस्तारण केंद्र डंपिंग यार्ड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां की स्थिति देखकर महापौर ने गहरी नाराजगी जताई और व्यवस्था को बेहद चिंताजनक बताया। उन्होंने कहा कि डंपिंग यार्ड की बदहाल स्थिति नगर निगम की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि डंपिंग यार्ड में जगह-जगह कूड़े का अंबार लगा हुआ है और उसके समुचित निस्तारण की कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं की जा रही है। कई मशीनें बंद पड़ी मिलीं, जिससे कूड़ा प्रबंधन का कार्य लगभग ठप पड़ा हुआ है। इसके अलावा कूड़े का वजन मापने के लिए लगाए गए वजन मशीन के पास लगा सीसीटीवी कैमरा भी बंद पाया गया, जिससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठने लगे हैं।

निरीक्षण के बाद महापौर ने कहा कि डंपिंग यार्ड के संचालन की जिम्मेदारी संभाल रही संवेदक कंपनी एम एस डब्ल्यू एम देवघर प्राइवेट लिमिटेड के कर्मियों और निगरानी के लिए प्रतिनियुक्त अधिकारियों की लापरवाही के कारण पूरी व्यवस्था चरमरा गई है।

उन्होंने यह भी देखा कि कूड़ा ढोने वाली कई गाड़ियां जर्जर हालत में खड़ी हैं, जिससे नगर निगम के संसाधनों की अनदेखी साफ दिखाई देती है। महापौर ने स्पष्ट कहा कि नगर निगम के संसाधन शहर के लोगों की संपत्ति हैं और इनके साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल व्यवस्था सुधारने का निर्देश दिया और दोषी कर्मियों तथा जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही।

महापौर ने कहा कि शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए नगर निगम पूरी तरह प्रतिबद्ध है। डंपिंग यार्ड की व्यवस्था को जल्द सुधारने और कूड़ा निस्तारण की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि शहर में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर हो सके और लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## आईसीटी चैंपियनशिप के विजेताओं को किया गया सम्मानित




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** झारखंड ई-शिक्षा महोत्सव 2025 के अंतर्गत आयोजित आईसीटी चैंपियनशिप के जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय आर मित्रा, देवघर में किया गया। समारोह में जिला शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार ने डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं और आईसीटी इंस्ट्रक्टरों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिला स्तरीय आईसीटी चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करने वाले आठ छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, गोल्ड मेडल और स्मार्ट वॉच देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में ऋतिका कुमारी मिश्रा, साजन कुमार मंडल, संध्या रानी, तरुण दास, साक्षी प्रिया, अभिषेक कुमार दत्ता, रानू कुमारी और सुधांशु कुमार शामिल हैं। जिला स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सात आईसीटी इंस्ट्रक्टरों को भी सम्मानित किया गया। इनमें सुमन कुमारी, गौरव कुमार झा, विक्रम कुमार राय, राहुल कुमार मंडल, प्रीतम रानी, रमाकांत मंडल और प्रदीप कुमार शामिल हैं। इसके अलावा प्रखंड स्तरीय आईसीटी चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 74 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, सिल्वर मेडल और स्कूल बैग देकर सम्मानित किया गया। वहीं 46 आईसीटी इंस्ट्रक्टरों को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कहा गया कि आईसीटी चैंपियनशिप जैसे आयोजन विद्यार्थियों में डिजिटल तकनीक के प्रति रुचि बढ़ाने और शिक्षा को आधुनिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## खादी महोत्सव में उमड़ रही भीड़



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** देवघर में आयोजित राज्य स्तरीय खादी प्रदर्शनी सह बिक्री कार्यक्रम के सातवें दिन नगरवासियों की भारी भीड़ उमड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ÷वोकल फॉर लोकल÷ और स्वदेशी के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए लोग खादी एवं ग्रामोद्योग के उत्पादों की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। खादी और ग्रामोद्योग आयोग , सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के अध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में आयोजित यह प्रदर्शनी खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की रिकॉर्ड बिक्री की ओर अग्रसर है। प्रदर्शनी में झारखंड की खादी स्टॉलों पर सिल्क खादी, सूती खादी, मसलीन खादी और पारंपरिक खादी वस्त्र लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। वहीं युवाओं के बीच खादी के रेडीमेड कुर्ता-पायजामा, खादी बंडी, रेशमी खादी के शर्ट-पैंट विशेष लोकप्रिय हैं। तसर-कटिया से बने कुर्ते, बंडी, शर्ट और तसर साड़ियां भी लोगों की खास पसंद बन रही हैं। पश्चिम बंगाल की खादी संस्थाओं के स्टॉलों पर बारीक मलमल (मसलीन), बालूचरी और काथा साड़ियां आकर्षण का केंद्र हैं। इसके अलावा आंवला मुरब्बा, कैंडी, अचार और चटनी जैसे ग्रामोद्योगी उत्पादों की भी अच्छी बिक्री हो रही है। प्रदर्शनी स्थल पर खादी बुनाई का लाइव प्रदर्शन और प्रतिदिन आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से प्रदर्शनी में पहुंचकर स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की है।

# ईद को लेकर मधुपुर बाजारों में बढ़ी रौनक, सेवइयां, इत्र और टोपियों की दुकानों पर उमड़ी भीड़







**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** ईद पर्व को लेकर मधुपुर के बाजारों में इन दिनों जबरदस्त उत्साह और चहल-पहल देखने को मिल रही है। शहर के दिल कहे जाने वाले गांधी चौक समेत विभिन्न चौक-चौराहों और प्रमुख बाजारों में सुबह से देर शाम तक खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। कपड़ों, सेवइयों, ड्राई फ्रूट्स, इत्र और टोपियों की दुकानों पर ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है। बाजारों में हर ओर ईद की तैयारियों का माहौल दिखाई दे रहा है। ईद के अवसर पर बनारसी सेवइयों की मांग सबसे अधिक देखी जा रही है।दुकानदारों के अनुसार बाजार में बनारसी सेवइयों के साथ-साथ हाथ से बनी स्थानीय सेवइयां भी उपलब्ध हैं, जिन्हें लोग काफी पसंद कर रहे हैं। ईद के दिन घरों में विशेष पकवान बनाने के लिए लोग सेवइयों के साथ ड्राई फ्रूट्स की भी जमकर खरीदारी कर रहे हैं।इधर इत्र की दुकानों पर भी ग्राहकों की अच्छी भीड़ देखी जा रही है। बाजार में कोलकाता, दिल्ली और लखनऊ से मंगाए गए विभिन्न प्रकार के खुशबूदार इत्र उपलब्ध हैं। दुकानदारों के मुताबिक इत्र की कीमत 100 रुपये से लेकर 300 रुपये तक है और लोग अपनी पसंद के अनुसार अलग-अलग खुशबू वाले इत्र खरीद रहे हैं। इसके अलावा टोपियों की दुकानों पर भी काफी रौनक है। बाजार में सफेद और रंग-बिरंगी डिजाइनर टोपियां उपलब्ध हैं, जिनकी कीमत 50 रुपये से लेकर 200 रुपये तक बताई जा रही है। बुजुर्गों में जहां पारंपरिक सफेद टोपी की मांग अधिक है, वहीं युवाओं और बच्चों के बीच डिजाइनर टोपियां काफी लोकप्रिय हो रही हैं। कपड़ों की दुकानों में भी खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। लोग ईद के लिए नए कपड़े खरीदने में जुटे हुए हैं। कुर्ता-पायजामा, सलवार-सूट, बच्चों के परिधान और अन्य कपड़ों की अच्छी बिक्री हो रही है। दुकानदारों का कहना है कि जैसे-जैसे ईद का त्योहार नजदीक आएगा, वैसे-वैसे बाजार में खरीदारी और बढ़ने की उम्मीद है। कुल मिलाकर ईद के पर्व को लेकर मधुपुर का बाजार पूरी तरह गुलजार हो गया है और चारों ओर त्योहार की खुशियां और रौनक साफ नजर आ रही है। लोग पूरे उत्साह और उमंग के साथ ईद की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# जिला परिवहन कार्यालय, दुमका

## कर प्रमादी वाहनों के वाहन स्वामियों को अद्यतन कर भुगतान हेतु आवश्यक सूचना

एतद द्वारा निम्नांकित वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि जिला परिवहन कार्यालय, दुमका में निबंधित निम्न कर प्रमादी वाहनों के वाहन स्वामियों द्वारा बकाया पथ कर (Road Tax) का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

अतः इस समाचार पत्र के माध्यम से निम्न वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है कि वे अपने नाम के सामने अंकित बकाया पथ–कर, अतिरिक्त कर एवं दण्ड की राशि का भुगतान एक पक्ष के अंदर ई–पेमेंट के माध्यम से निश्चित रूप से जमा करना सुनिश्चित करें अन्यथा झारखंड मोटरवाहन करारोपण संशोधित अधिनियम 2011 की धारा–21(क), 22(3) के तहत जब्ती एवं कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

| Sr. No | Registration No | Vehicle Class | Owner Name | Father Name | Complete Present Address | Total Tax |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH04Q0975 | Goods Carrier | AKIM CHANDRA MAHATO | SHIB PUJAN MAHATO | SHALABUNI,EXPARA RAMPURHAT,, BIRBHUM, JHARKHAND,731239 | 153926 |
| 2 | JH04E6101 | Goods Carrier | RAVINDRA KUMAR SHARMA | S/O RAJESH KUMAR SHARMA | GRANT ESTATE JAIL ROAD,DUMKA,DUMKA, DUMKA,JHARKHAND,814101 | 153763 |
| 3 | JH04P2633 | Goods Carrier | LAKHAN MARANDI | CHHOTU MARANDI | GOPALPUR SHIKARIPARA,SHIKARIPARA,, DUMKA, JHARKHAND,816118 | 153697 |
| 4 | JH04D2378 | Goods Carrier | SAMSAD | S/O JICHHU | A/P KUMHARPARA DUMKA,BABUPUR PIRPAINTI,BHAGALPUR,,JHARKHAND,0 | 152778 |
| 5 | JH04G6279 | Goods Carrier | HARENDRA PRASAD | S/O JITENDRA PRASAD SINGH | DHADHKIYA KUMRABAD,DUMKA,AP RAJGRAM BIRBHUM SURI,,JHARKHAND.9 | 152607 |
| 6 | JH04P4174 | Goods Carrier | MOHAN INFRAREALTY PVT LTD | MOHAN INFRAREALTY PVT LTD | DIR ROOP CHAND TOSNIWAL,11, RAJENDRA PROSAD SARANI,2ND FLOOR ROOM NO. 3,KOLKATA,JHARKHAND,700001 | 152434 |
| 7 | JH04N1798 | Goods Carrier | UNIVERSAL BLACK STONE WORKS | NA | PINARGARIA,SHIKARIPARA,,DUMKA,JHARKHAN D,816103 | 151728 |
| 8 | JH04N4756 | Goods Carrier | UNIVERSAL BLACK STONE WORKS | NA | PINARGARIA,SHIKARIPARA,,DUMKA,JHARKHAN D,816103 | 151728 |
| 9 | WB376092 | Goods Carrier | JITENDRA KUMAR | S/O SRI S. SINGH | C/O NAWAL KISHORE SINGH,BABU PARA,DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 150042 |
| 10 | WB376096 | Goods Carrier | M/S CONCRETA | S/O | PARTNER - A. K. BAG,BABUPARA,DUMKA, DUMKA, JHARKHAND.9 | 150042 |
| 11 | WB23A1385 | Goods Carrier | FEKU MAHATO | S/O H. MAHATO | RAMGARH,DUMKA,DUMKA,DUMKA, JHARKHAND.9 | 149993 |
| 12 | BR20G0769 | Goods Carrier | GOKUL CHANDRA MAHATO | S/O LATE SUKDEO MAHATO | BARMAI CHITRA,DEOGHAR A/P RASIKPUR,DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 149950 |
| 13 | JH04E2793 | Goods Carrier | GVR INFRA PROJECTS LTD. | S/O NOT APPLICABLE | 1ST FLOOR, M.S TOWER, KHUTABANDH,BEHIND INDOOR STADIUM,DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 149626 |
| 14 | BR09E2590 | Goods Carrier | ARJUN MANDAL | S/O SHARAT CHANDRA MANDAL | CHAPURIA, ASANBANI,RANESHWAR,DUMKA, DUMKA,JHARKHAND.9 | 149475 |
| 15 | BR129101 | Goods Carrier | Kishori Pd. AND Others | Ram Das Pd.Sah | THENDAIL PALOJORI,PALOJORI,DEOGHAR, DUMKA,JHARKHAND.9 | 149475 |
| 16 | JH04B8964 | Goods Carrier | SHAILENDRA KR. SINGH | S/O KISHORE PD. SINGH | SHIKARIPARA,DUMKA,DUMKA,DUMKA, JHARKHAND.9 | 149475 |
| 17 | JH04E3095 | Goods Carrier | GVR INFRA PROJECTS LTD. | S/O NOT APPLICABLE | 1ST FLOOR, M.S TOWER, KHUTABANDH,BEHIND INDOOR STADIUM,DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 149404 |
| 18 | JH04G9456 | Goods Carrier | MD. MUBARAK ANSARI | S/O MD. YUNUS ANSARI | SARASDANGAL,SIKARIPARA,DUMKA,DUMKA,JH ARKHAND.9 | 149368 |
| 19 | JH04G7572 | Goods Carrier | SUBHENDU BANERJEE | S/O AMYA KUMAR BANERJEE | NISVHINTPUR BIRBHUM,A/P GILANPARA DUMKA,DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 149228 |
| 20 | WB41B8605 | Goods Carrier | MAJED SHEKH | S/O NIJAMUDDIN SHEKH | DOMKUL,MURSHIDABAD,MURSHIDABAD,DUMK A,JHARKHAND.9 | 149228 |
| 21 | JH04E3545 | Goods Carrier | GVR INFRA PROJECTS LTD. | S/O NOT APPLICABLE | 1ST FLOOR, M.S TOWER, KHUTABANDH,BEHIND INDOOR STADIUM,DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 149052 |
| 22 | JH04E3548 | Goods Carrier | GVR INFRA PROJECTS LTD. | S/O NOT APPLICABLE | 1ST FLOOR, M.S TOWER, KHUTABANDH,BEHIND INDOOR STADIUM,DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 149052 |
| 23 | JH04J9863 | Goods Carrier | SUBHASH KUMAR MEHTA | RANJEET PRASAD MEHTA | ALOUNJA KHURD, ICHAK,ALOUNJA KHURD, ICHAK,ICHAK,HAZARIBAGH,JHARKHAND,825402 | 148800 |
| 24 | JH04T9476 | Goods Carrier | NAND LAL MANDAL | MOHAN MANDAL | AMRAPAHARI,RAMGARH,DUMKA,DUMKA,JHAR KHAND,814102 | 148000 |
| 25 | JH04L9877 | Goods Carrier | PANARUDDIN ANSARI | S/O YUSUF MIYA | 316 PINDARGARIYA,SHIKARIPADA,DUMKA, DUMKA,JHARKHAND,816103 | 146450 |
| 26 | JH04P4050 | Goods Carrier | SUNIL MARANDI | JANAT MARANDI | BARMASAIYA,SHIKARIPARA,PINARGARIA,DUM KA,JHARKHAND,816103 | 146450 |
| 27 | JH04P6112 | Goods Carrier | MD ASAD ALI | MD MAQUSAD ALI | PINARGARIA,PO-PINARGARIA,SHIKARIPARA, DUMKA,JHARKHAND,816103 | 146417 |
| 28 | JH04D9669 | Goods Carrier | RAJA SINGH | JAMUNA PRASAD SINGH | PANCHMAHLI,DHANBAD,DHANBAD,DHANBAD,J HARKHAND,828203 | 146348 |
| 29 | JH04D4113 | Goods Carrier | MD. FAIJAN | S/O MD MUKHTAR | HNO-188 MUSLIM TOLA,AMLI BERMO,BOKARO,BOKARO,JHARKHAND,0 | 146301 |
| 30 | JH04C8953 | Goods Carrier | AMAR CHOUDHARY | S/O RAJU CHOUDHARY | MIRJANHAT ROAD ISHAKCHAK PASI,TOLA JAGDISHPUR,BHAGALPUR,,JHARKHAND,0 | 145747 |
| 31 | JH04F2544 | Goods Carrier | UMA SHANKAR SAH | S/O JANARDHAN PD SAH | 13 BHANDARICHAWK,BOOUNSII,BANKA, DUMKA,JHARKHAND.9 | 145552 |
| 32 | JH04D2673 | Goods Carrier | SHIVAJI YADAV | RAMESHWAR YADAV | BABHANGAMA,KALGIGANJ,KALGIGANJ,BHAGA LPUR,JHARKHAND,813203 | 145518 |
| 33 | JH04C9200 | Goods Carrier | VIRENDRA KUMAR SINGH | HARICHANDRA SINGH | MAHUA SINGH RAI,VAISHALI,,VAISHALI,JHARKHAND,844122 | 145452 |
| 34 | JH04G0884 | Goods Carrier | DINESH SHARMA | S/O RAM PRASAD SHARMA | C/O ACME CONSTRUCTION CO,SHIV PAHAR, DUMKA,DUMKA,DUMKA,JHARKHAND,814101 | 145402 |
| 35 | JH04D2208 | Goods Carrier | NIRMAL KR. TEBRIWAL | S/O JITA RAM TEBRIWAL | HNO-83 WARD NO- 13 MARWADI TOLA,HARIDANGA BAZAR PAKUR,PAKUR,PAKUR,JHARKHAND,0 | 145393 |
| 36 | JH04G8773 | Goods Carrier | GAUD MARAIYA | S/O DASARATH MARAIYA | KULIKULI DANGAL, SHIKARIPARA,DUMKA,A/P RAJGRAM BIRBHUM SURI,DUMKA,JHARKHAND.9 | 145393 |
| 37 | JH04D2755 | Goods Carrier | RAJA SINGH | JAMUNA PRASAD SINGH | PANCHMAHLI,EGYARKUND SOUTH,DHANBAD, DHANBAD,JHARKHAND,828203 | 145233 |
| 38 | JH04M0742 | Goods Carrier | M/S EAST INDIA STONE QUARRY | I/C NAME- IMRAN KHAN | AT - TALBANDH PO- N JAGATPUR,PS- MD BAZAR BIRBHUM,A/P- HANSDIHA,GODDA, JHARKHAND,814133 | 145202 |
| 39 | JH04E4524 | Goods Carrier | SADDAM HUSSAIN | S/O MD ABDUL AZIZ | HNO-18,SHIKARIPARA PS NO-3,DUMKA,DUMKA,JHARKHAND,0 | 145108 |
| 40 | JH04C6402 | Goods Carrier | HARINANDAN CHOUDHARY | S/O LATE BINDSHWARI CHOUDHARY | HERO HONDA SHOWROOM,DUMKA,DUMKA, DUMKA,JHARKHAND.9 | 145000 |
| 41 | JH04D1392 | Goods Carrier | RISHU RAJ | S/O RANJIT KUMAR | WARD NO-2 SAITPURA KULKULIYA,COLGONG KAHALGAON,BHAGALPUR,,JHARKHAND,0 | 145000 |
| 42 | JH04D3627 | Goods Carrier | MRITUNJAY KUMAR RAJ | BANARSHI SINGH | RAMBAGH,JASIDIH,DEOGHAR,DEOGHAR,JHARK HAND,814142 | 145000 |
| 43 | JH04E3239 | Goods Carrier | AJAY KUMAR | S/O JAGDIH MAHTO | SIMRAHA, SAKARPURA, HASANPUR,SAMASTIPUR (BIHAR),A/P KUMHARPARA DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 145000 |
| 44 | JH04F9616 | Goods Carrier | JONATHAN YEPTHOMI | AKUTO SEMA | H/NO.-307,NEAR SIGNAL BAZAR,DIMAPUR SADAR,DIMAPUR ,JHARKHAND,797112 | 145000 |
| 45 | JH04K5604 | Goods Carrier | RANJAN KUMAR MANDAL | S/O SATYANARAYAN MANDAL | AT/PO- CHOTI BHAGIYAMARI,PS- TALJHARI SADAR,SAHIBGANJ,SAHIBGANJ,JHARKHAND.9 | 145000 |
| 46 | JH04K6137 | Goods Carrier | BISWANATH NANDI | S/O GOUR CHANDRA MANDAL | AT - SARAI ROAD,DUMKA,DUMKA,DUMKA, JHARKHAND.9 | 145000 |
| 47 | JH04L1231 | Goods Carrier | DULAL MANDAL | S/O SUDHIR MANDAL | AT/PO- ASANBANI,DUMKA,DUMKA,DUMKA, JHARKHAND.9 | 145000 |
| 48 | JH04R6487 | Goods Carrier | BINAY KUMAR JAISWAL | RAMDEO PRASAD JAISWAL | BODHARI, KHUTAHARI,PO- MEHARMA, MEHARMA, GODDA,JHARKHAND,813208 | 145000 |
| 49 | JH04F6808 | Goods Carrier | MD. ABDUSSALAM ANSARI | S/O GULAM RASUL ANSARI | KALAKATA, PATJOR,DUMKA,DUMKA, DUMKA,JHARKHAND.9 | 144987 |
| 50 | BR12A5211 | Goods Carrier | UPENDRA CHOUDHARY | S/O PHAGU CHOUDHARY | DHANDRA,JAMTARA,JAMTARA,JAMTARA,JHAR KHAND.9 | 144849 |
| 51 | JH04C6566 | Goods Carrier | MS DADI CONSTRUCTION | S/O NOT APPLICABLE | RAKESH BHALOTIA,SARAI ROAD,DUMKA,DUMKA,JHARKHAND,814101 | 144849 |
| 52 | JH04C7556 | Goods Carrier | PARITOSH MANDAL | UMAPODO MANDAL | HARISABHAPARA, RAMPURHAT,BIRBHUM WB., A/P DANGALPARA, DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 144788 |
| 53 | JH04E3106 | Goods Carrier | GVR INFRA PROJECTS LTD. | S/O NOT APPLICABLE | 1ST FLOOR, M.S TOWER, KHUTABANDH,BEHIND INDOOR STADIUM,DUMKA,DUMKA, JHARKHAND.9 | 144778 |
| 54 | JH04G6848 | Goods Carrier | KHURSHID ALAM | S/O KHODO NEWAZ | NISCHINTPUR BIRBHUM,A/P GILANPARA DUMKA,DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 144602 |
| 55 | JH04G9905 | Goods Carrier | KHURSHID ALAM | S/O KHODO NEWAZ | NISCHINTPUR BIRBHUM,A/P GILANPARA DUMKA,DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 144602 |
| 56 | JH04E3546 | Goods Carrier | GVR INFRA PROJECTS LTD. | S/O NOT APPLICABLE | 1ST FLOOR, M.S TOWER, KHUTABANDH,BEHIND INDOOR STADIUM,DUMKA, DUMKA,JHARKHAND.9 | 144426 |
| 57 | JH04H2842 | Goods Carrier | MOHD AKRAM | S/O MOHD MOINUDDIN | H NO-29 JAMNIKOLA,BASANTRAI, GODDA,GODDA,JHARKHAND.9 | 144360 |
| 58 | JH04H9408 | Goods Carrier | SAROJ KUMAR JHA | S/O HEM KANT JHA | SUSTI MAHESHPUR,MAHESHPUR, GODDA,GODDA,JHARKHAND.9 | 142600 |
| 59 | WB53A3622 | Goods Carrier | KRISHNA KUMAR PANGIYARA | S/O P. PANGIYARA | 164, NAGARPALIKA,DUMKA,DUMKA, DUMKA,JHARKHAND.9 | 140830 |
| 60 | JH04K9836 | Goods Carrier | MOHD AKRAM | S/O MOHD MOINUDDIN | HNO-29 JAMNIKOLA,PS-BASANTRAI,GODDA,GODDA,JHARKHAND.9 | 140767 |
| 61 | JH04H8299 | Goods Carrier | JIYAUL HAQ ANSARI | S/O SADIK MIYAN | DEODAHA PANCHPAHARI,DUMKA,DUMKA, DUMKA,JHARKHAND.9 | 140724 |
| 62 | BHL7374 | Goods Carrier | F.C.L S.P. MINES | NA | CHITRA,DEOGHAR,DEOGHAR,DUMKA,JHARKHA ND.9 | 140674 |
| 63 | BR129307 | Goods Carrier | Binod Ku. Kothriwal | S/O Ramniwas Kothriwal | BHAGALPUR ROAD,DUMKA,DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 140223 |
| 64 | JH04K8444 | Goods Carrier | RANJAN KUMAR MANDAL | S/O SATYANARAYAN MANDAL | AT/PO- CHOTI BHAGIYAMARI,PS- TALJHARI SADAR,SAHIBGANJ,SAHIBGANJ,JHARKHAND.9 | 140209 |
| 65 | JH04C1636 | Goods Carrier | SYED AYAZUL HAQUE | S/O SYED INTESARUL HAQUE | KUDRAT HUSSAIN LANE BARAHPURA, JAGDISHPUR,BHAGALPUR,,JHARKHAND.9 | 140000 |
| 66 | JH04C4893 | Goods Carrier | MANJEET KUMAR RAY | BHOLA RAY | KUMHARDIH,TANTRI,TANTRI NORTH,BOKARO,JHARKHAND,829144 | 140000 |
| 67 | JH04C6651 | Goods Carrier | NIRBHAY KUMAR SINGH | S/O PARMA NAND SINGH | 57 VILL- KATHALI,AMARPUR,BANKA,, JHARKHAND,0 | 140000 |
| 68 | JH04C7427 | Goods Carrier | MD. KUTUMUDDIN | S/O WASIRUDDIN | RAJGANJ, LAXMIPUR,PIRPAINTI, BHAGALPUR,AP KUMHARPARA DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 140000 |
| 69 | JH04C8544 | Goods Carrier | CHANDAN KUMAR BHAGAT | SHIVPUJAN BHAGAT | SARVODAYNAGAR, BANKA.,A/P DUDHANI,,DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 140000 |
| 70 | JH04C8899 | Goods Carrier | SONU KUMAR SINGH | RAMLOCHAN SINGH | LAXMIPUR,LACHHMIPUR,BHAGALPUR,BHAGAL PUR,JHARKHAND,813222 | 140000 |
| 71 | JH04D0175 | Goods Carrier | MIADAD SK | TAJUL SK | BINDUGRAM,BENIA GRAM,FARAKKA MURSHIDABAD,MURSHIDABAD ,JHARKHAND,742212 | 140000 |
| 72 | JH04D1695 | Goods Carrier | RAJU KUMAR CHOUDHARY | SUMAN KUMAR CHOUDHARY | BANDHPARA,BANDHPARA,DUMKA,DUMKA,JHA RKHAND,814101 | 140000 |
| 73 | JH04D2754 | Goods Carrier | AJAY KR. YADAV | S/O SHIV RATAN YADAV | CHHOTA GOVINDPUR NEAR AVN SCHOOL, JAMSHEDPUR,JAMSHEDPUR,,JHARKHAND,0 | 140000 |
| 74 | JH04D4008 | Goods Carrier | ASHOK PRASAD YADAV | MAHESH SINGH YADAV | HNO.-50,SADMA,KANGALIDIH,PALAMU, JHARKHAND,822113 | 140000 |
| 75 | JH04D5413 | Goods Carrier | RAJGRIH YADAV | S/O BHUNESHWAR YADAV | NAYA MORE, NIRSA,CHIRKUNDA, DHANBAD,A/P KUMHARPARA DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 140000 |
| 76 | JH04D6813 | Goods Carrier | RANJEET KUMAR MISHRA | S/O LATE AMBIKA MISHRA | DUMARIYA BUZURG,SIYADATPUR, KHAGARIA,A/P ZILA SCHOOL ROAD DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 140000 |
| 77 | JH04E0958 | Goods Carrier | MUKESH YADAV | S/O LATE SHIV YADAV | BISHANPUR, JICHCHHO, LODIPUR, BHAGALPUR, A/P KUMHARPARA DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 140000 |
| 78 | JH04E1150 | Goods Carrier | BIKASH YADAV | S/O- RAMCHANDRA YADAV | AT - BANULI,RAJADIH,MUNGER, MUNGER,JHARKHAND,811213 | 140000 |
| 79 | JH04E1552 | Goods Carrier | MAHENDRA KR. CHOUDHARY | S/O JAGDISH CHOUDHARY | SINGESHWAR, GOURIPUR,MADHEPURA,A/P GILANPARA DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 140000 |
| 80 | JH04E2821 | Goods Carrier | MD. QAIYUM AKRAM | S/O MD GULAM RASUL | CHHOTI KODARJANA PO- GANGA PRASAD,PS-SAHIBGANJ,SAHIBGANJ,SAHIBGANJ, JHARKHAND,0 | 140000 |
| 81 | JH04E3241 | Goods Carrier | RAJA RAM PANDIT | S/O LATE BOHARI PANDIT | PARBATTA, KHAGARIA (BIHAR),A/P KUMHARPARA, DUMKA, DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 140000 |
| 82 | JH04E7841 | Goods Carrier | AJAY KUMAR YADAV | S/O DEO NARAYAN YADAV | BAGARI, CHORHAR,KHARIK BAZAR,BHAGALPUR,DUMKA,JHARKHAND.9 | 140000 |
| 83 | JH04F3896 | Goods Carrier | RAMVILASH PASWAN | S/O UDHALI PASWAN | PRATAPNAGAR,KAHALGAON, BHAGALPUR,A/P KUMHARPARA DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 140000 |
| 84 | JH04F5950 | Goods Carrier | MUKESH KUMAR | S/O RAM BACHAN SINGH | KARNAKUNDI ROAD,KALIMANDA,DUMKA, DUMKA,JHARKHAND.9 | 140000 |
| 85 | JH04F6957 | Goods Carrier | CHAND BAHADUR RAY | BAMA CHARAN RAY | KURUMATAND KAJLADAHA,KURUMATAND KAJLADAHA,SHIKARIPARA,DUMKA,JHARKHAN D,816103 | 140000 |
| 86 | JH04J2158 | Goods Carrier | MUKESH KUMAR YADAV | S/O SUSHIL PRASAD YADAV | TANGER PATHARGAMA,GODDA,GODDA, GODDA,JHARKHAND.9 | 140000 |
| 87 | JH04K7353 | Goods Carrier | SULENDRA YADAV | S/O YOGENDRA PRASAD YADAV | AT - HANUMAN PATH TILKAMANJHI,VILL - NAGAR NIGAM JAGDISHPUR,BHAGALPUR, ,JHARKHAND.9 | 140000 |
| 88 | JH04K8641 | Goods Carrier | CHHOTU KUMAR VERNEWAL | S/O BHOLA PRASAD VERNEWAL | AT - GANDHINAGAR MAHENDRAWARAN,MIRZA CHOWKI,SAHIBGANJ,SAHIBGANJ,JHARKHAND.9 | 140000 |
| 89 | JH04L2067 | Goods Carrier | SAYED IRSHAD ALAM | H ALAM | AZAD BASTI,ASANSOL,ASANSOL,PURBA BURDWAN,JHARKHAND,713302 | 140000 |
| 90 | JH04N2143 | Goods Carrier | MD AHAD ALI | S/O- MD. MAQUSOOD ALI | AT - 292 PINARGARIA,SHIKARIPARA,, DUMKA,JHARKHAND,816103 | 140000 |
| 91 | JH04P2837 | Goods Carrier | EAST INDIA STONE QUARRY | PROP IMRAN KHAN | ASANBANI,PO- ASANBANI,RANISHWAR, DUMKA,JHARKHAND,816118 | 140000 |
| 92 | JH04P8834 | Goods Carrier | MD ASAD ALI | MD MAQUSAD ALI | 292,PINARGARIA,PO-PINARGARIA,SHIKARIPARA, DUMKA,JHARKHAND,816103 | 140000 |
| 93 | JH04P9331 | Goods Carrier | EAST INDIA STONE QUARRY | PROP IMRAN KHAN | ASANBANI,PO-ASANBANI,RANISHWAR, DUMKA,JHARKHAND,816118 | 140000 |
| 94 | JH04P9753 | Goods Carrier | EAST INDIA STONE QUARRY | PROP IMRAN KHAN | ASANBANI,PO-ASANBANI,RANISHWAR, DUMKA,JHARKHAND,816118 | 140000 |
| 95 | JH04R1713 | Goods Carrier | MUNNA MARANDI | TALA MARANDI | ITAHARI,BAGHMARA,BOARIJORE,GODDA,JHAR KHAND,813208 | 140000 |
| 96 | JH04R5495 | Goods Carrier | SANAUL ANSARI | HEMLAUDDIN MIYA | CHITRAGARIYA,SHIKARIPARA,BENAGARIYA,DU MKA,JHARKHAND,816103 | 140000 |
| 97 | JH04R6895 | Goods Carrier | MICHEAL MALTO | MUNNA MALTO | D. NO. 4, JOKMARI,MAHADEVGANJ ,SAHIBGANJ,SAHIBGANJ,JHARKHAND,816109 | 140000 |
| 98 | BR407192 | Goods Carrier | ASHISH B. MANDAL | S/O PARESH NATH MANDAL | BANDHPARA,DUMKA,DUMKA,DUMKA, JHARKHAND.9 | 139789 |
| 99 | BRJ3637 | Goods Carrier | GANESH RAM DOKANIA | S/O KALI RAM DOKANIA | VIVEKANAND PATH, DUDHANI,DUMKA,DUMKA, DUMKA,JHARKHAND.9 | 139668 |
| 100 | JH04D2341 | Goods Carrier | RAMA KANT YADAV | S/O RAMESHWAR YADAV | LAKRAKOL, MATHURAPUR,PIRPAINTA, BHAGALPUR,A/P KUMHARPARA DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 139200 |
| 10 1 | PCB5698 | Goods Carrier | SHYAM SUNDER BHAGAT | S/O JAGARNATH BHAGAT | PATHARGAMA,PATHARGAMA,GODDA,DUMKA,J HARKHAND.9 | 138851 |
| 102 | JH04H1256 | Goods Carrier | MD AMANULLAH | S/O ASRAR ALAM | MAHARANA ORIYA,BANKA A/P DUDHANI,DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 136800 |
| 103 | JH04U1291 | Goods Carrier | MOHAN KUMAR | S/O - SUJEET KUMAR SINGH | KADAL, NEAR MANRAKHAN MAHTO ,PUBLIC SCHOOL, BIT CHOWK ,NEORI VIKAS ,RANCHI,JHARKHAND,835217 | 136400 |
| 104 | BR129282 | Goods Carrier | Nakul Pd. Yadav | Baldeo Pd. Yadav | DUMARIYA MOHANPURHAT,DEOGHAR, DEOGHAR,DUMKA,JHARKHAND.9 | 136115 |
| 105 | BR13B5133 | Goods Carrier | UMASHANKAR BHAGAT | S/O HARIBANSH BHAGAT | PORAIYAHAT,GODDA,GODDA, DUMKA,JHARKHAND.9 | 136115 |
| 106 | JH04A1607 | Goods Carrier | m/s Ganesh Ram Dokan | NA | KUMHAR PARA,DUMKA,DUMKA,DUMKA, JHARKHAND.9 | 135856 |
| 107 | JH04A1609 | Goods Carrier | m/s Ganesh Ram Dokan | NA | KUMHAR PARA,, DUMKA, DUMKA, JHARKHAND.9 | 135856 |
| 108 | WB25A2902 | Goods Carrier | SHANKARLAL MARODIA | S/O LATE R. MARODIA | KALI VASTRALAY,PALOJORI,DEOGHAR, DUMKA,JHARKHAND.9 | 135758 |
| 109 | JH04E8261 | Goods Carrier | SATYENDRA SINGH | S/O RAJ KUMAR SINGH | ELEVEN KINGS ROAD PUNJAB LINE, HOWRAH,A/P LIC COLONY DUMKA, DUMKA, JHARKHAND.9 | 135735 |
| 110 | WB195619 | Goods Carrier | BANSHI YADAV | S/O SHIVNATH YADAV | TALWANNA,MAHADEOGANJ,SAHIBGANJ,DUMK A,JHARKHAND.9 | 135597 |
| 111 | BR25A4002 | Goods Carrier | LADDU PRASAD BHAGAT | S/O SHIV PRASAD BHAGAT | BASMOTI,AMRAPARA,PAKUR,DUMKA, JHARKHAND.9 | 135508 |
| 112 | JH04K2963 | Goods Carrier | WAHID ANSARI | S/O LAL MOHAMMAD | VILL- DHEBADIH PO- BARMASIYA,PS-SHIKARIPARA,DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 135368 |
| 113 | JH04K3466 | Goods Carrier | WAHID ANSARI | S/O LAL MOHAMMAD | VILL- DHEBADIH PO- BARMASIYA,PS-SHIKARIPARA,DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 135368 |
| 114 | WB156566 | Goods Carrier | DWARIKANATH GON | S/O DILIP GON | NICHE BAZAR,JARMUNDI,DUMKA, DUMKA,JHARKHAND.9 | 135192 |
| 115 | JH04K3816 | Goods Carrier | MOFIUR RAHAMAN | S/O MD. JOHAS | FARAKKA,FARAKKA,MURSHIDABAD,, JHARKHAND.9 | 135122 |
| 116 | JH04B6677 | Goods Carrier | DURYODHAN SAHA | CHAMARU SAHA | SAHARKOL, GOKULPUR,SAHARKOL,PAKUR, PAKUR,JHARKHAND,816107 | 135000 |
| 117 | JH04C2841 | Goods Carrier | ASHU ANAND JHA | S/O NARESH JHA | BHARATKHAND NAYABAS,PARBATTA, BHATKHAR, KHAGARIA,JHARKHAND,853203 | 135000 |
| 118 | JH04C3389 | Goods Carrier | SMT. SIMA DEVI MEHARIA | W/O PRADIP KUMAR MEHARIA | ZIA SCHOOL ROAD,DUMKA,DUMKA,DUMKA, JHARKHAND.9 | 135000 |
| 119 | JH04C7109 | Goods Carrier | ATAJUL HAQU E | SERAJUL HAQUE | CHINABAZAR,PALGACHHI,PALGACHHI, MALDAH,MALDAH ,JHARKHAND,732127 | 135000 |
| 120 | JH04C8890 | Goods Carrier | PATHAK TEL. CO. PVT. LTD. (HCC) | S/O NOT APPLICABLE | 8, HARITAGE GARDEN, OPP-S.C SCHOOL,DIPATOLI, H.B. ROAD, RANCHI,A/P KUMHARPARA DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 135000 |
| 121 | JH04C8891 | Goods Carrier | PATHAK TEL. CO. PVT. LTD. (HCC) | S/O NOT APPLICABLE | 8, HARITAGE GARDEN, OPP-S.C SCHOOL,DIPATOLI, H. B. ROAD, RANCHI,A/P KUMHARPARA DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 135000 |
| 122 | JH04C9079 | Goods Carrier | BIKESH KUMAR | KAILASH SHARMA | KAJICHAK,MAHESH KHUNT,KHAGARIA, KHAGARIA,JHARKHAND,851213 | 135000 |
| 123 | JH04D0855 | Goods Carrier | PRADIP MEHARIA | MAHABIR MEHARIA | ZILA SCHOOL ROAD,DUMKA,DUMKA, DUMKA,JHARKHAND.9 | 135000 |
| 124 | JH04D2745 | Goods Carrier | CHANDAN GOSWAMI | S/O SURESH GOSWAMI | PRASWANNA,PIRPAINTI, BHAGALPUR,A/P GILANPARA DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 135000 |
| 125 | JH04E3452 | Goods Carrier | MAHENDRA PRASAD SAH | SHANKAR PRASAD SAH | MOTIHAT, BARAHAT, BANKA,MOTIHAT, BANKA,BANKA,BANKA,JHARKHAND,813103 | 135000 |
| 126 | JH04F4323 | Goods Carrier | ANIL KUMAR | S/O HARIDWAR SAH | 21, CHANDANPURA MOJARI,SHIVSAGAR, ROHTAS,A/P KUMHARPARA DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 135000 |
| 127 | JH04L0449 | Goods Carrier | GYANENDRA KUMAR | S/O C.L. PRASAD | AT - AMLABAD COLIERY,PO/PS - CHANDANKIYARI, BOKARO,BOKARO,JHARKHAND,828302 | 135000 |
| 128 | JH04L1794 | Goods Carrier | GAUTAM KUMAR | S/O NARAD YADAV | AT - SAKRIGALI,SAMDABALA, SAHIBGANJ,SAHIBGANJ,JHARKHAND,816115 | 135000 |
| 129 | JH04R0505 | Goods Carrier | SAHEB HEMBROM | SUFAL HEMBROM | CHITRAGARIYA,BENAGARIA,SHIKARIAPARA,DU MKA,JHARKHAND,816103 | 135000 |
| 130 | JH04R4895 | Goods Carrier | VIJAY MURMU | NAVIN MURMU | AMCHUYA,BENAGARIA,SHIKARIPARA,DUMKA,J HARKHAND,816103 | 135000 |
| 131 | JH04R9993 | Goods Carrier | NARUDDIN ANSARI | SOBRATI ANSARI | SHAHARPUR,BENAGARIA,SHIKARIPARA,DUMKA ,JHARKHAND,816103 | 135000 |
| 132 | JH04S5157 | Goods Carrier | SUNIL MARANDI | JANAT MARANDI | BARMASIYA,PINAARGARIA,SHIKARIPARA,DUM KA,JHARKHAND,816103 | 135000 |
| 133 | JH04S6491 | Goods Carrier | MANOJ KUMAR MAHTO | SHIV SHANKAR MAHTO | NIMGACHHI,MIRZA CHAUKI,,SAHIBGANJ,JHARKHAND,813208 | 135000 |
| 134 | WB239967 | Goods Carrier | BALBINDER SINGH | S/O R. SINGH | JHOSAGARHI,DEOGHAR,DEOGHAR,DUMKA,JHA RKHAND.9 | 131578 |
| 135 | WB03A4520 | Goods Carrier | DEEPAK CHANDRA MISHRA | S/O A. C. MISHRA | CHITRA,DEGHAR,DEOGHAR,DUMKA, JHARKHAND.9 | 131489 |
| 136 | WML2412 | Goods Carrier | JITENDRA PRASAD | S/O DINESHWAR PRASAD | PURANDAHA,DEOGHAR,DEOGHAR,DUMKA,JHA RKHAND.9 | 131489 |
| 137 | JH04D7717 | Goods Carrier | CHAMELA SINGH | W/O U. SINGH | NISCHINTPUR, RAMPURHAT,BIRBHUM,A/P LIC COLONY DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 131480 |
| 138 | JH04B8522 | Goods Carrier | JAHANARA KHATOON | W/O IFATAKAR | CHAKLAMATH,RAMPURHAT,BIRBHUM,D UMKA, JHARKHAND.9 | 131472 |
| 139 | WB031689 | Goods Carrier | MADHUSUDAN MANDAL | S/O MOHAN MANDAL | BEVA,JAMTARA A/P DANGALPARA,DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 131434 |
| 140 | JH04A9471 | Goods Carrier | ABHAY KUMAR YADAV | S/O RUDRESHWAR PD. YADAV | MAHAVIR COLONY,DEOGHAR,DEOGHAR, DUMKA,JHARKHAND.9 | 131351 |
| 141 | JH04E8116 | Goods Carrier | KHODA NEWAZ | S/O RAHAMAN HAFZER | SONDHIPUR,NISCHINTAPUR, RAMPURHAT,A/P KUMHARPARA DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 131308 |
| 142 | JH04E8117 | Goods Carrier | KHODA NEWAZ | S/O RAHAMAN HAFZER | SONDHIPUR,NISCHINTPUR, RAMPURHAT,A/P KUMAR PARA DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 131308 |
| 143 | BR12G5532 | Goods Carrier | LALAN & SANJAY KR. YADAV | S/O D. N. YADAV | KULLHULIA,KAHALGAON,BHAGALPUR,DUMKA, JHARKHAND.9 | 131267 |
| 144 | JH04A1608 | Goods Carrier | m/s ganesh ram Dokan | NA | KUMHAR PARA,,DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 131230 |
| 145 | JH04K9416 | Goods Carrier | MD. SARFARAJ AHMAD | S/O MOHAMMAD ABDUL AZIZ | HNO-18 VILL- SIKARIPARA,PS NA-3,DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 131230 |
| 146 | JH04G8322 | Goods Carrier | SANAUL ANSARI | S/O ABBAS MIYA | SARASDANGAL,SHIKARIPARA,DUMKA,DUMKA,J HARKHAND.9 | 130971 |
| 147 | JH20A2891 | Goods Carrier | ASHISH KUMAR DUBEY | S/O B. P. DUBEY | MAIN ROAD,SIMDEGA,SIMDEGA, DUMKA,JHARKHAND.9 | 130957 |
| 148 | JH04E4974 | Goods Carrier | KUMAR RAJIB RANJAN | S/O B. SINGH | NISCHINTAPUR,RAMPURHAT,A/P SHIKARIPARA DUMKA,DUMKA,JHARKHAND.9 | 130935 |
| 149 | JH04D6766 | Goods Carrier | BHAJAHARI MONDAL | S/O PARESH NATH MANDAL | DANGAL CHAKPARA,CHAKPARA, BIRBHUM,,JHARKHAND,0 | 130918 |
| 150 | WB37A2791 | Goods Carrier | VIJAY KR. JHA | S/O JAI NARAYAN PANDIT | PANDIT B. N. JHA ROAD,DEOGHAR,DEOGHAR, DUMKA,JHARKHAND.9 | 130871 |
| | | | | Total Amount | = 2,11,31,691 /- | |

ह०/–
जिला परिवहन पदाधिकारी, दुमका

PR 375182 Transport (25-26)_D

